शुक्रवार, 6 मार्च 2026
मौसम
तापमान 22 – 32
आर्द्रता 42%
सूर्योदय: 05:55 सूर्यास्त: 17:42

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
Epaper.samagya.in
# समाज्ञा



किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य संघर्ष से नहीं हो सकता: प्रधानमंत्री मोदी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : रिश्ते एक बार बनते हैं फिर जिंदगी रिश्तों के साथ चलती है।


## हल्दीराम परिवार में शोक



अत्यंत दु:ख के साथ आप सभी स्नेही स्वजनों को यह सूचित किया जाता है कि

## श्री प्रभु शंकर अग्रवाल

(सुपुत्र: स्व. श्री रामेश्वरलाल अग्रवाल एवं स्व. कमला देवी अग्रवाल)
(पति: स्व. सुधा देवी अग्रवाल)
का स्वर्गवास शुक्रवार, दिनांक 27.02.2026 को हो गया है।

### बैठक

रविवार दिनांक 08 मार्च 2026, दोपहर 2.00 से सायं 5.00 बजे
हमारे निवास स्थान **हल्दीराम भुजियावाला – प्रभुजी प्योर फूड**
पी-420, काज़ी नज़रुल इस्लाम एवेन्यू (वी आई पी रोड), कोलकाता - 52

### शोकाकुल :

मनीष - श्वेता *(पुत्र-पुत्रवधू)*
ऋतु – सिद्धार्थ सिंघानिया *(पुत्री–दामाद)*
शोभा एवं मीना *(अग्रज वधू)* अशोक – अर्चना *(अग्रज-अग्रज वधू)*
बिमला देवी गोयल, मंजू अग्रवाल *(बहन)*
शरद – ऋद्धि *(भतीजा-भतीजा वधू)* प्रतीक, वैभव *(भतीजे)*
शिवांश, वान्या, भव्य, विराज, राजवीर *(ग्रैन्ड चिल्ड्रेन)*
एवं समस्त हल्दीराम परिवार

Prabhuji® Pure Food | Haldiram's Prabhuji®

सम्पर्क सूत्र : 98300 11131, 98300 11124, 80138 33868 | रुट मैप के लिये स्कैन करें

## कटता पेड़, बढ़ता प्रदूषण और टूटती सांसे

दुनिया में जनसंख्या वृद्धि, औद्योगिक विकास और आधुनिक जीवन शैली की वजह से प्राकृतिक वनों पर मानव समाज का दबाव बढ़ता जा रहा है। इसे ध्यान में रखकर मानव जीवन की आवश्यकताओं के हिसाब से वनों के संतुलित दोहन तथा नये जंगल लगाने के लिए भी विशेष रूप से काम करने की जरूरत है। मनुष्य के जीवन में वन महत्वपूर्ण रहे हैं। परन्तु जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हुआ वैसे-वैसे मनुष्य ने अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वृक्षों को काटना आरम्भ कर दिया। वनों की लगातार कटाई होती गई और वातावरण पर भी इसका प्रभाव पड़ा। आज हमारी स्थिति यह हो गई है की वृक्षों की छाव मिलनी भी दुर्लभ हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 13,000 वर्ग किलोमीटर से अधिक वन क्षेत्र पर अतिक्रमण किया गया है। यह क्षेत्र दिल्ली, सिक्किम और गोवा के कुछ भौगोलिक क्षेत्र से भी बड़ा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार, मध्य प्रदेश और असम अतिक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। रिपोर्ट में मंत्रालय ने कहा कि मार्च 2024 तक 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 13,05,668.1 हेक्टेयर (या 13056 वर्ग किमी) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन था। अभी तक 10 राज्यों ने वन अतिक्रमण पर आंकड़े प्रस्तुत नहीं किए हैं। पिछले वर्ष राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने एक खबर पर स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया था कि भारत में 7,50,648 हेक्टेयर (या 7506.48 वर्ग किमी) वन क्षेत्र अतिक्रमण के अधीन है। जो देश की राजधानी दिल्ली के आकार से पांच गुना अधिक है। जिन राज्यों ने अपना डेटा नहीं दिया उनमें बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान, तेलंगाना, प. बंगाल, नागालैंड, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख शामिल है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, असम में वन भूमि पर सबसे अधिक अतिक्रमण किया गया है, जहां 2.13 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि पर अवैध कब्जा है। संसद में सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, वन भूमि पर अतिक्रमण के मामले में महाराष्ट्र दूसरे नंबर (57,554.87) हेक्टेयर पर है। अरुणाचल प्रदेश 53,499.96 हेक्टेयर के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य राज्यों में भी वन भूमि पर अतिक्रमण दर्ज किया गया है, उनमें ओडिशा (40,507.56 हेक्टेयर), आंध्र प्रदेश (13,318.16 हेक्टेयर), तमिलनाडु (15,768.48 हेक्टेयर), त्रिपुरा (4,242.37 हेक्टेयर) और सिक्किम (469.16 हेक्टेयर) शामिल हैं।

वनों से हमें एक नहीं अपितु अनेकों लाभ है। हमारे प्राचीन ग्रंथों में मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये वन को बहुत ही उपयोगी, लाभकारी और जीवनदायी बताया गया हैं। वन और जीवन दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं। वनों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन और भोजन मिलता है। मनुष्य और अन्य किसी भी प्राणी का जीवन ऑक्सीजन और भोजन के बिना नहीं चल सकता। वृक्ष और वन भू-जल को भी संरक्षित करते हैं। जैव-विविधता की रक्षा भी वनों की रक्षा से ही संभव है। विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए बहुमूल्य वनौषधियां हमें जंगलों से ही मिलती हैं।

वन और वनस्पतियां आक्सीजन देकर हमें जीवन प्रदान करती हैं। बिना आक्सीजन के हम जीवित रह ही नहीं सकते और पेड़-पौधे यही जीवनदायिनी आक्सीजन छोड़ते हैं। एक स्वस्थ पेड़ हर दिन लगभग 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जिससे सात लोगों को प्राण वायु मिल पाती है। वे हमारे द्वारा छोड़ी गई विषैली गैस कार्बन-डाइ-आक्साइड को ग्रहण करते हैं। कुछ वन्य पौधे ऐसे भी होते हैं जो रात में भी आक्सीजन छोड़ते हैं। पीपल, नीम, तुलसी, एलोवेरा, एक्समस कैक्टस, सर्पेन्टाइल (स्नेक प्लांट), आर्चिड्स, आरेंजग्रेवेरा आदि ऐसे पेड़-पौधें हैं जो रात में भी आक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़-पौधे न रहें तो जिन्दा रहने के लिए साँस और जीवन की धड़कन ही बन्द हो जायेगी। अब भी समय है हम समझे और समझाए की पेड़ पौधे हमारे जीवन के लिए कितने अहम् और प्राणदायक है।

स्वस्थ पर्यावरण एवं पारिस्थितिक संतुलन के लिए समस्त भू-भाग का एक तिहाई वनों से ढका रहना चाहिए। एक क्षेत्र जहाँ पेड़ों का घनत्व अत्यधिक रहता है उसे वन कहते है। जंगल हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वन पर्यावरण, लोगों और जंतुओं को कई प्रकार के लाभ पहुंचाते हैं। वन कई प्रकार के उत्पाद प्रदान करते हैं जैसे फर्नीचर, घरों, रेलवे स्लीपर, प्लाईवुड, ईंधन या फिर चारकोल एव कागज के लिए लकड़ी, सेलोफेन, प्लास्टिक, रेयान और नायलॉन आदि के लिए प्रस्संकृत उत्पाद, रबर के पेड़ से रबर आदि। फल, सुपारी और मसाले भी वनों से एकत्र किए जाते हैं। कर्पूर, सिनचोना जैसे कई औषधीय पौधे भी वनों में ही पाये जाते हैं। पेड़ों की जड़ें मिट्टी को जकड़े रखती है और इस प्रकार वह भारी बारिश के दिनों में मृदा का अपरदन और बाढ भी रोकती हैं। पेड़, कार्बन डाइ आक्साइड अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं जिसकी मानवजाति को सांस लेने के लिए जरूरत पड़ती है। वनस्पति स्थानीय और वैश्विक जलवायु को प्रभावित करती है। पेड़ पृथ्वी के लिए सुरक्षा कवच का काम करते हैं और जंगली जंतुओं को आश्रय प्रदान करते हैं। वे सभी जीवों को सूर्य की गर्मी से बचाते हैं और पृथ्वी के तापमान को नियंत्रित करते हैं।

-बाल मुकुन्द ओझा

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 6 मार्च, शुक्रवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष तृतीया, 17:58 तक, नक्षत्र : हस्त, 09:26 तक, योग : गांदा, 07:02 तक, सूर्योदय: 05:55, सूर्यास्त: 17:42, चन्द्रोदय : 20:20, चन्द्रास्त: 07:20, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कन्या, राहू काल : 10:20 से 11:47

## राशिफल

**मेष :** तरक्की काफी असरदार रहेगी। कन्या राशि के चंद्रमा आपको एक 'प्रॉब्लम सॉल्वर' बनाएंगे। आप उन गलतियों को पकड़ लेंगे जिन्हें दूसरे नजरअंदाज कर देते हैं।

**वृष :** आपको करियर में तरक्की के मौके आपकी रचनात्मकता से मिलेंगे। आप अपने इनोवेटिव आइडियाज को ठोस नतीजों में बदलने में सफल रहेंगे। आपकी स्थिरता ही आपकी जीत होगी।

**मिथुन :** अनुशासन और व्यावहारिक कामों से तरक्की होगी। शुक्र और शनि की स्थिति करियर में स्थिरता ला रही है। आज का दिन ऑफिस के पुराने कागजी कामकाज निपटाने के लिए बेहतर है।

**कर्क :** प्रगति अपनी बात को सही ढंग से रखने से होगी। आपकी नेटवर्किंग और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता मजबूत रहेगी। आप अपने लॉजिक से सीनियर्स को प्रभावित करेंगे।

**सिंह :** पार्टनरशिप और नेगोशिएशन से तरक्की होगी। आप एक मिडिएटर की भूमिका में रहेंगे। शाम का वक्त नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल करें क्योंकि आपकी बातों में वजन होगा।

**कन्या :** डेली रूटीन और सेल्फ-ऑडिट से प्रोग्रेस होगी। आपकी एनालिटिकल पावर बेमिसाल रहेगी और आप अपनी कार्यकुशलता से ऑफिस में मिसाल कायम करेंगे।

**तुला :** प्रोग्रेस एकांत में किए गए गहरे काम से होगी। जटिल समस्याओं को सुलझाने के लिए दिन का पहला हिस्सा बेहतर है। आपकी प्रोफेशनल अथॉरिटी और चार्म बढ़ेगा।

**वृश्चिक :** प्रोग्रेस नेटवर्किंग और ग्रुप प्रोजेक्ट्स से होगी। लोग आपके आइडियाज को पसंद करेंगे। हालांकि, ऑफिस पॉलिटिक्स और 'ब्लेम गेम' से खुद को दूर रखें।

**धनु :** आपकी एक्सपर्टीज और प्रतिष्ठा से प्रोग्रेस होगी। आप मुश्किल लक्ष्यों को हासिल करने में सफल रहेंगे। तीसरे भाव में ग्रहों का जमावड़ा ईमेल या संचार में तकनीकी गड़बड़ी दे सकता है।

**मकर :** प्रोग्रेस फ्यूचर प्लानिंग और स्ट्रेटजी बनाने से होगी। आप एक 'फाइनेंशियल आर्किटेक्ट' की तरह काम करेंगे। रात को चंद्रमा का गोचर आपकी प्रोफेशनल साख और शक्ति बढ़ाएगा।

**कुम्भ :** तरक्की के लिए आप काफी मुखर और प्रभावशाली रहेंगे। मंगल का जोश आपको कठिन प्रोजेक्ट्स शुरू करने की हिम्मत देगा। बजट और एसेट्स को मजबूत करने का समय है।

**मीन :** तरक्की रिसर्च और पेपरवर्क की बारीकियों को समझने से होगी। आप कॉन्ट्रैक्ट्स की बारीकियां पकड़ने में सफल रहेंगे। सीनियर्स आपके 'अटेंशन टू डिटेल' की तारीफ करेंगे।

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल



ललित गर्ग

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय?

नीतिश कुमार को लंबे समय से सुशासन पुरुष के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।



नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे जनादेश के साथ खिलवाड़ और राजनीतिक समझौते की राजनीति करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है।

किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है।

बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है।

आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार के लिए संभावित अवसर के रूप में देखते हैं-एक ऐसा अवसर, जिसमें सुशासन, विकास और सुरक्षित जनजीवन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है और राज्य प्रगति के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो सकता है।

बिहार की राजनीति में नीतिश कुमार का राज्यसभा की ओर जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत है। इसमें जहाँ विपक्ष जनादेश के सवाल को उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नए नेतृत्व और नई दिशा के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इतिहास गवाह है कि कई बार राजनीतिक परिवर्तन ही विकास की नई संभावनाओं का मार्ग खोलते हैं। यदि यह सत्ता परिवर्तन बिहार में बेहतर प्रशासन, अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्तिए आर्थिक प्रगति और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है, तो यह राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। आने वाला समय ही तय करेगा कि यह निर्णय बिहार की राजनीति में किस प्रकार का अध्याय लिखता है लेकिन इतना निश्चित है कि यह बदलाव राज्य की राजनीति को नई बहसों, नई चुनौतियों और नई संभावनाओं की ओर अवश्य ले जाएगा।

# बंगाल की खबरें

## नागरिकता के नाम पर मतुआ समुदाय को अनिश्चितता में धकेल रहा केंद्र : ममता

❑ **बीनापाणि देवी की तिरोधन तिथि पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार नागरिकता देने के नाम पर मतुआ समुदाय के सदस्यों को 'अनिश्चितता और भ्रम' की स्थिति में धकेल रही है। ममता ने मतुआ समुदाय की कुलमाता वीणापाणि देवी, जिन्हें 'बड़ो मा' के नाम से जाना जाता है, की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि केंद्र उन लोगों की पहचान पर सवाल उठा रहा है जो लंबे समय से देश के नागरिक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र की भाजपा सरकार की साजिश के कारण हमारे मतुआ भाई-बहनों को अस्थिर और भ्रमित स्थिति में धकेला जा रहा है। नागरिकता देने के नाम पर राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पहचान पर ही सवाल उठाया जा रहा है। एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के जरिए उन्हें मतदाता सूची से जानबूझकर बाहर किया जा रहा है। जो लोग पीढ़ियों से इस देश के नागरिक हैं, जिनके वोट सरकारों को चुनते हैं, उन्हें फिर से 'नागरिकता' देने के नाम पर अब अनिश्चितता का सामना कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार समुदाय के अधिकारों को कमजोर करने वाले हर कदम का विरोध करती रहेगी। उन्होंने कहा कि इस अन्याय को स्वीकार नहीं किया जाएगा। मेरे मतुआ भाई-बहनों और बंगाल के लोगों के अधिकार छीनने की कोशिशों के खिलाफ हमारा संघर्ष जारी रहेगा। हम बंगाल के लोगों को कोई नुकसान नहीं होने देंगे।

उन्होंने कहा कि वीणापाणि देवी के साथ उनका 'व्यक्तिगत और आध्यात्मिक संबंध' रहा है और वे एक मां की तरह उनसे स्नेह करती थीं। उन्होंने कहा कि बड़ो मा वीणापाणि देवी की पुण्यतिथि पर मैं उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देती हूं और प्रणाम करती हूं। हरिचंद ठाकुर और गुरुचंद ठाकुर द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए, मतुआ महासंघ बंगाल के सामाजिक सुधार और नवजागरण का अविभाज्य हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि बड़ो मा ने जीवन भर इन आदर्शों को पोषित किया। उनके नेतृत्व में मतुआ महासंघ सामाजिक समानता और बंधुत्व के स्तंभ के रूप में स्थापित हुआ।

तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि उनकी सरकार ने समुदाय के कल्याण के लिए कई पहल की हैं, जिनमें मतुआ विकास बोर्ड की स्थापना और उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में हरिचंद-गुरुचंद विश्वविद्यालय की स्थापना शामिल है।

## श्री श्याम मंदिर आलमबाजार में पद्मश्री प्रहलाद अग्रवाल श्याम शिरोमणि से सम्मानित





**कोलकाता :** श्री श्याम मंदिर आलमबाजार के तीन दिन चलने वाले मेला मेरे श्याम का...फाल्गुन मेला 2026 के अन्तिम दिन फूलों की होली के अवसर अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने झूमकर नाचते हुए भजनों के माध्यम से बाबा को रिझाया। सुप्रसिद्ध कलाकारों रवि बेरीवाल, श्याम अग्रवाल, तुषार चौधरी, सुश्री राधाश्री एवं श्री श्याम परिवार गंगेज चिरंजीवी के सान्निध्य में श्री राजू अग्रवाल तथा श्री सेवक मण्डल, बजरंगबली के सान्निध्य में निहाल ठकरान ने अपने मधुर भजनों की झड़ी से भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। ठसाठस भरे हॉल में सभी प्रसिद्ध कलाकारों के भजनों का आनन्द लेना चाहते थे। मंदिर के बाहरी द्वार तक भक्तों की भीड़ थी और सभी बाबा के सामने बैठकर भजनों का आनन्द लेना चाहते थे। बाबा का अद्वितीय आलौकिक श्रृंगार की छटा भक्तों की नजरों को मोहित कर रही थी। मनमोहक श्रृंगार को देखकर भक्तों की जुबां कह उठी -- जब देखो मेरा बाबा, पहले से और भी ज्यादा मोहक लगता है।

मंदिर प्रांगण में प्रथम बार पधारे प्रसिद्ध समाजसेवी एवं धर्मानुरागी पद्मश्री प्रहलाद राय अग्रवाल को समाज में उनके धार्मिक एवं सामाजिक सेवा-कार्यों में अतुलनीय योगदान हेतु श्याम शिरोमणि उत्कृष्ट रत्न से तथा श्री गिरधारी लाल गोयनका को समाज-रत्न एवं श्री चन्द्र प्रकाश जैन को श्याम सेवक अलंकृत किया गया। उनके इस सम्मान पर सभी भक्तों ने करतल ध्वनि से उनका अभिवादन किया।

इस पावन अवसर पर महानगर की सुप्रसिद्ध धार्मिक संस्थाओं का सम्मान किया गया। जिनमें श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम प्रेम मंडल बड़ाबाजार, श्री श्याम प्रेम मंडल काठगोला, श्री श्याम सहारा परिवार, हिन्दमोटर, श्री श्याम बारस निशान यात्रा, हिन्दमोटर, जय श्री श्याम सेवा संघ, श्री श्याम सेवा संघ, हिन्दमोटर, श्री श्याम परिवार (युवा) बड़ाबाजार, श्री श्याम लिओ परिवार, श्री श्याम परिवार नॉर्थ कोलकाता, श्री श्याम मिलन संघ (बड़ाबाजार), श्री श्याम मंडल, फोरम प्रवेश, हावड़ा, श्री श्याम अखंड ज्योत मंडल, बैरकपुर, बड़तल्ला स्ट्रीट श्री श्याम सरकार मंडल, श्री श्याम परिवार, सिद्धा, बनहुगली, श्री श्याम भक्त कोलकाता आदि थी।

बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने वालों में सुनील खेतान, गणेश अग्रवाल, नवल रुंगटा, प्रीतम जैन, सुरेश अग्रवाल (कार्यक्रम संरक्षक), कृष्णा-नारायण अग्रवाल, अशोक मुसद्दी, शंकर भावसिंहका, पप्पू चौधरी, प्रकाश पोद्दार, लालचंद गर्ग, जुगलकिशेर अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, मुरारी तोदी, शम्भू पोद्दार, घनश्याम अग्रवाल, अजीत खेतान, सुनील बंसल, बिमल बेंगानी, दीपक अग्रवाल, बालकृष्ण अग्रवाल, अशोक-राहुल अग्रवाल (35) महेश शर्मा (पार्षद), विश्वनाथ अग्रवाल, रामकिशन पाल (पार्षद), अमर पाल (पार्षद), आरिफ हुसैन (पार्षद), आलमबाजार आउटपोस्ट थाना प्रभारी सुब्रतो मंडल, अशोक पोद्दार, बिमल सदाका, सुधांशु शेखर (युवा-शक्ति), जुगल जाजोदिया, दिनेश मित्तल आदि थे। नीमकाथाना अंचल नागरिक संघ द्वारा चाय की व्यवस्था की गयी। प्रबंध न्यासी गोविन्द मुरारी अग्रवाल एवं अध्यक्ष राजपाल गुप्ता ने मिलकर सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। संस्था की ओर से उपाध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल एवं प्रयागराज बंसल एवं कोषाध्यक्ष गोपाल जालान, सुशील शाह, श्याम अग्रवाल (बनहुगली), अशोक अग्रवाल (रथतल्ला), अंकित अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, जितेन्द्र राय, सुरेश अग्रवाल (बागुईहाटी), मनीष जोधानी, नरेश दारुका, सुरेश अग्रवाल, विकास भावसिंहका, भवानीशंकर अग्रवाल, मनोहर केजरीवाल, अशोक अग्रवाल (बेलघरिया) विनोद अग्रवाल, राहुल राजलीवाल, अनुराग दधीच, रिषभ, सत्यम आदि ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन बालमुकुन्द अग्रवाल एवं प्रवीण केजरीवाल ने किया।

## वर्ग पहेली नं. 3370



*बायें से दायें:-* 1) शोर, 2) मृत्यु, 6) दफ़ा, 7) प्रेम में पागल, 9) जीत, 10) राज़ी होना, 12) प्रेत, 13) वसंत ऋतु की फ़सल, 15) कक्ष, 17) महीना, 19) कुशल; दक्ष, 20) झोपड़ी, 22) चुंगीचोर, 23) शरण, 24) फ़तह, 25) गीदड़, 26) कटे हातवाला, 28) एशिया का एक देश, 29) संबंध, 30) एक चर्मवाद्य, 31) पु रुषोचित, 32) शोक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) प्रतिज्ञापत्र, 2) विलंब, 3) बोझिल, 4) बहने-वाली जल की बड़ी प्राकृतिक धारा, 5) विध्वंसक, 6) खुले में, 8) धंधी; मालिक *(एक प्रत्यय)*, 11) पौधों का डंठल, 14) रोगी, 16) मुकरना, 18) अखंड, 21) आयाम; गोदी, 23) अनुमतिपत्र, 24) हयात, ज़िंदगी, 25) अत्याचार, 27) उचित, 28) किराया.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | जी | व | न | ■ | ■ | द | श | ह | रा |
| त्म | ■ | ■ | शा | का | हा | री | ■ | रा | ज |
| ह | की | म | ■ | म | ल | ■ | रा | ■ | धा |
| त्या | ■ | त | न | या | ■ | आ | म | द | नी |
| ■ | ह | ल | ■ | बी | स | ■ | फ | ल | ■ |
| ब | रा | ब | री | ■ | ब | द | ल | ■ | प |
| क | मी | ■ | म | च | ल | ना | ■ | मा | रे |
| वा | ■ | का | ■ | र | ■ | द | शा | ■ | शा |
| द | कि | या | नू | स | ■ | न | म | की | न |

## सुडोकू-पहेली-3328

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 7 | 1 | | 5 | | | 2 |
| | | 9 | | | | | | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | 8 | | | 7 | |
| | | | | 4 | 7 | | | 1 |
| 9 | | | 2 | | | | | |
| | 3 | | | | | 4 | | 5 |
| 2 | | 4 | | | | | 9 | |
| | | | | 1 | 6 | 3 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3327 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 |
| 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 2 | 1 | 9 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 2 | 4 | 5 | 1 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 5 | 1 | 8 | 9 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 7 | 4 | 2 | 5 | 6 | 1 |
| 3 | 6 | 7 | 1 | 5 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 9 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 3 | 7 | 9 | 6 | 8 | 5 |

शुक्रवार, 6 मार्च 2026

मौसम

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 32 |
| आर्द्रता | 42% |
| सूर्योदय: 05:55 | सूर्यास्त: 17:42 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष तृतीया, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण हुआ पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार और पांच पर

सुविचार : रिश्ते एक बार बनते हैं फिर जिंदगी रिश्तों के साथ चलती है।




RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## मतदाताओं के नाम हटाए जाने के खिलाफ आज धरना देंगी मुख्यमंत्री ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद राज्य की संशोधित मतदाता सूची में कथित तौर पर मनमाने ढंग से नाम हटाए जाने के खिलाफ शुक्रवार को कोलकाता के मेट्रो चैनल पर धरना देंगी। धरना दोपहर 2 बजे एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पर शुरू होगा। बता दें कि टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने रविवार को यह जानकारी दी थी। अभिषेक ने आरोप लगाया है कि निर्वाचन आयोग ने राजनीति से प्रेरित होकर यह एसआईआर कराई है और इसकी वजह से विधानसभा चुनाव से पहले लाखों वैध मतदाता मतदान से वंचित हो सकते हैं। अभिषेक ने कहा कि मुख्यमंत्री हमारे अगले कदम की घोषणा करेंगी। हम इस एसआईआर के खिलाफ हैं, जिसमें वैध मतदाताओं के नाम हटाए गए हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2025 में शुरू हुई एसआईआर के दौरान 63.66 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसके बाद मतदाताओं की संख्या घटकर 7.66 करोड़ से घटकर 7.04 करोड़ रह गई।

ईरान ने नये सिरे से हमले शुरू करते हुए कहा,

# अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा

**दुबई :** ईरान ने बृहस्पतिवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नये सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ''ट्रंप का खून बहाने'' का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान के सरकारी टेलीविजन ने कहा कि हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया गया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, ''मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर 'बुरी तरह पछताना' पड़ेगा।'' ईरानी सरकारी टेलीविजन ने ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश बृहस्पतिवार को प्रसारित किया, जिसमें ''इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप'' का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया। अयातुल्ला ने कहा, ''इस दौर के इमाम कहते हैं, दमनकारी अमेरिका से लड़ो, उसके खून का जिम्मा मेरे कंधों पर है।'' इस हमले की



इजराइल द्वारा घोषणा किए जाने से कुछ ही समय पहले उसकी सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरान समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह को निशाना बनाते हुए नए हमले शुरू कर दिए हैं।

### संकट के बीच मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 उड़ानें रद्द

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट के कारण बृहस्पतिवार को दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर कम से कम 175 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों को पश्चिम एशिया से लाने–ले जाने के लिए कई विमानन कंपनियों ने सीमित संख्या में उड़ानें शुरू कीं। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं, जिनमें 40 उड़ान भरने वाली और 65 आने वाली उड़ानें शामिल थीं।

### अमेरिका–इजराइल युद्ध में ईरान में 1,230 लोगों की मौत

**दुबई :** अमेरिका–इजराइल के साथ जारी युद्ध में ईरान में मरने वालों की संख्या कम से कम 1,230 हो गई है। ईरान की एक सरकारी एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'ईरान्स फाउंडेशन ऑफ मार्टर्स एंड वेटरन्स अफेयर्स' ने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस संघर्ष में 1,230 लोगों के मारे जाने की सूचना है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की, साझा चिंताओं पर चर्चा की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बृहस्पतिवार को बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मोदी और मैक्रों ने टेलीफोन पर बातचीत के दौरान पश्चिम एशिया के हालात और संवाद व कूटनीति की बहाली की आवश्यकता पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज मैंने अपने मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बात की। हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर अपनी साझा चिंताओं और संवाद एवं कूटनीति की ओर लौटने की आवश्यकता पर चर्चा की।'' उन्होंने कहा, ''हम इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ सहयोग और समन्वयपूर्ण प्रयास जारी रखेंगे।''

## भारत ने खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया और विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नयी दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया। इसके अलावा, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की, लेकिन बातचीत में क्या चर्चा हुई, यह तुरंत पता नहीं चल पाया है। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। मिसरी की ईरानी दूतावास यात्रा और शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर करना इसलिए महत्वपूर्ण हो गया क्योंकि कई विपक्षी दलों ने खामेनेई की मृत्यु पर सरकार की निष्क्रियता की आलोचना की थी।

### अमेरिका ने जिस युद्धपोत को निशाना बनाया, उसपर कोई हथियार नहीं था: ईरानी अधिकारी

**नयी दिल्ली :** श्रीलंका के तट के निकट अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में अमेरिकी पनडुब्बी से किये गए हमले के कारण डूबे ईरानी युद्धपोत पर कोई हथियार नहीं था। ईरान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह दावा किया। उन्होंने जहाज को निशाना बनाये जाने को अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ बताया। ईरानी जहाज 'आईरिस देना' भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था कि तभी बुधवार तड़के उस पर हमला हुआ।

## भारत चौथी बार टी–20 वर्ल्डकप फाइनल में, इंग्लैंड को 7 रन से हराया



**मुंबई :** भारतीय टीम आईसीसी मेन्सटी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंच गई है। गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को सात रनों से पराजित किया। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए 254 रनों का टारगेट दिया था, जिसका पीछा करते हुए वो सात विकेट पर 246 रन ही बना सका। अब भारतीय टीम फाइनल में 8 मार्च को न्यूजीलैंड का सामना करेगी।

## चुनाव से पहले राज्यपाल बोस ने दिया इस्तीफा, तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को मिली कमान

- ममता ने अमित शाह पर लगाया राजनीतिक दबाव बनाने का आरोप
- इस्तीफे के कारणों का अभी नहीं हुआ आधिकारिक खुलासा



**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार की शाम नयी दिल्ली में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो गई। बोस ने दिल्ली से बताया कि हां, मैंने इस्तीफा दे दिया है। मैं साढ़े तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा हूं; यह मेरे लिए पर्याप्त है। हालांकि, उन्होंने अचानक इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं किया, जिससे राजनीतिक हलकों में अटकलें तेज हो गईं क्योंकि उनका कार्यकाल नवंबर 2027 तक था। 'लोक भवन' के अधिकारियों ने पुष्टि की कि त्यागपत्र राष्ट्रपति भवन भेजा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने इस घटनाक्रम पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त कीं। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह अचानक हुए इस घटनाक्रम से 'स्तब्ध और बेहद चिंतित' हैं और दावा किया कि उन्हें इसके कारणों का पता नहीं है। उन्होंने कहा कि हालांकि, यदि बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले राज्यपाल बोस पर केंद्रीय गृह मंत्री की ओर से राजनीतिक कारणों से दबाव डाला गया हो तो मुझे हैरानी नहीं होगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख बनर्जी ने कहा कि मुझे केंद्रीय गृह मंत्री (अमित शाह) से पता चला है कि आरएन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में सीवी आनंद बोस का स्थान लेंगे। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि शाह ने उन्हें बोस की जगह रवि के आने की जानकारी दी, लेकिन इस मामले में उनसे परामर्श नहीं किया गया।

## 'जेन जेड' के विरोध प्रदर्शनों के बाद नेपाल में पहला आम चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

**काठमांडू :** नेपाल में छह महीने पहले हुए 'जेन जेड' विरोध प्रदर्शन के बाद पहला आम चुनाव बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। 'जेन जेड' के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली की सरकार गिर गयी थी। 'जेन जेड' पीढ़ी से तात्पर्य 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए लोगों से है। भारत इन चुनावों पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम पांच बजे शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव आयुक्त जानकी कुमारी तुलधर ने कहा कि शाम पांच बजे तक मतदान केंद्रों पर कतार में लगे मतदाताओं को भी अपना वोट डालने की अनुमति दी गई। मतपेटियों को एकत्रित करने के तुरंत बाद मतगणना शुरू हो जाएगी।

## कहीं भी नमाज करना धार्मिक अधिकार नहीं, सुरक्षा सबसे पहले: बंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने रमजान के दौरान शहर के हवाई अड्डे के पास अब ढहाये जा चुके एक अस्थायी शेड में नमाज पढ़ने की इजाजत मांग रहे टैक्सी और ऑटो–रिक्शा चालकों को कोई राहत देने से इनकार करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सुरक्षा धर्म से ऊपर है। न्यायमूर्ति बी. पी. कोलाबावाला और न्यायमूर्ति फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने कहा कि रमजान इस्लाम का जरूरी हिस्सा है, लेकिन इसे मानने वाले किसी भी जगह, खासकर हवाई अड्डे के आस–पास, जहां सुरक्षा को लेकर उच्च स्तर की चिंता है, नमाज पढ़ने का धार्मिक अधिकार होने का दावा नहीं कर सकते। हवाई अड्डा सुरक्षा के पहलू पर बार–बार जोर देते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि वह सावधानी को नजरअंदाज नहीं करेगा। अदालत टैक्सी–रिक्शा ओला–उबर मेन्स यूनियन की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दावा किया गया था कि छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आस–पास एक अस्थायी शेड पिछले साल अधिकारियों ने गिरा दिया था जहां वे नमाज पढ़ते थे। याचिका में अनुरोध किया गया था कि उन्हें उसी जगह का इस्तेमाल करने दिया जाए या उसी इलाके में कोई दूसरी जगह दी जाए जहां वे नमाज पढ़ सकें। इस मामले में अदालत ने पिछले हफ्ते पुलिस और हवाई अड्डा प्राधिकरण को यह देखने का निर्देश दिया था कि क्या कोई और जगह दी जा सकती है।

## बिहार : नीतीश कुमार, नितिन नवीन समेत पांच राजग प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के तीन अन्य उम्मीदवारों ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया है। राजग को उम्मीद है कि विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के मैदान में उतरने के बावजूद वह सभी पांच सीट जीत सकता है। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रमुख कुमार और भाजपा नेता नितिन नवीन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नामांकन पत्र दाखिल किया। शाह इस मौके पर दिल्ली से पटना पहुंचे थे। नितिन नवीन को जनवरी में भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। नितिन नवीन और नीतीश कुमार के अलावा राजग की ओर से केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर (जदयू), राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और भाजपा के प्रदेश महासचिव शिवेश कुमार ने भी नामांकन पत्र दाखिल किया। रामनाथ ठाकुर लगातार तीसरी बार राज्यसभा पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कुशवाहा लगातार दूसरा कार्यकाल चाहते हैं। पूर्व विधायक शिवेश कुमार पहली बार संसद पहुंचने की आस लगाए हुए हैं। नीतीश कुमार ने इससे पहले दिन में राज्यसभा जाने की अपनी इच्छा की घोषणा की, जिसके साथ ही राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके 20 वर्ष के कार्यकाल का अंत हो जाएगा। इस बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा, नीतीश कुमार ने तीन साल पहले ही राज्यसभा जाने की इच्छा जताई थी।

### नीतीश की वापसी से राजग के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को और मजबूती मिलेगी : शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी और कहा कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी वापसी से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को और मजबूती मिलेगी। शाह ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने को लेकर भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन को भी बधाई दी और कहा कि राज्य में एक लंबी और सफल राजनीतिक यात्रा के बाद, अब वह संसद के उच्च सदन के सदस्य के रूप में 'महत्वपूर्ण योगदान' देंगे।




## रूस हमेशा भारत को कच्चा तेल देने के लिए तैयार: राजदूत अलीपोव



**नयी दिल्ली :** रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनका देश भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए हमेशा तैयार रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उनका यह बयान आया है। वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उस समय उछाल आया है जब ईरान ने व्यावहारिक रूप से होर्मुज की खाड़ी को अवरुद्ध कर दिया है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और एलएनजी (द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) के परिवहन का प्रमुख रास्ता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है, जबकि प्राकृतिक गैस की करीब आधी आवश्यकता भी आयात से पूरी होती है। इनका बड़ा हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से होकर आता है। ऐसे में पश्चिम एशिया में लंबे समय तक अस्थिरता बने रहने की स्थिति भारत के राष्ट्रीय हितों के लिए नुकसानदेह मानी जा रही है, क्योंकि यह क्षेत्र देश की ऊर्जा सुरक्षा का प्रमुख स्रोत है। राजदूत अलीपोव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, हम हमेशा से भारत को कच्चा तेल आपूर्ति करने के लिए तैयार रहे हैं। उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर भारत को रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की।

### ट्रंप के लगाए गये नये वैश्विक शुल्क के खिलाफ अमेरिका के 20 से अधिक राज्यों ने वाद दायर किया

**वाशिंगटन :** अमेरिका में बृहस्पतिवार को 20 से अधिक राज्यों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गये नये वैश्विक शुल्क को चुनौती देते हुए वाद दायर किया। शुल्क मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद राज्यों द्वारा वाद दायर करना ट्रंप के लिए एक झटका माना जा रहा है। इस मुकदमे की अगुवाई कर रहे डेमोक्रेटिक अटॉर्नी जनरल का तर्क है कि ट्रंप दुनिया के अधिकांश हिस्सों पर 15 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना के साथ अपनी ''शक्ति का दुरुपयोग'' कर रहे हैं। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका के लंबे समय से चले आ रहे व्यापार घाटे को कम करने के लिए ये शुल्क आवश्यक हैं। उन्होंने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत शुल्क लगाए। उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत उनके द्वारा लगाए गए शुल्कों को रद्द कर दिया था।

## असम में सुखोई–30 लापता, वायु सेना ने तलाश अभियान शुरू किया



**गुवाहाटी/दीफू/जोरहाट :** वायुसेना के एक सुखोई–30 लड़ाकू विमान का बृहस्पतिवार शाम को जोरहाट हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद असम के कार्बी आंगलोंग जिले के ऊपर से गुजरते समय रडार से संपर्क टूट गया। रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने यह जानकारी दी। रावत ने एक बयान में कहा, वायुसेना का सुखोई–30 एमकेआई विमान लापता बताया जा रहा है। विमान ने असम के जोरहाट हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और आखिरी बार शाम 7:42 बजे रडार से संपर्क में था। रावत ने बताया कि रूसी मूल के इस लड़ाकू विमान का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। पीआरओ ने बताया कि पायलट के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं मिली। इस बीच, कार्बी आंगलोंग जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि बोकाजान उपमंडल के चोकीहोला इलाके के कुछ स्थानीय निवासियों ने दावा किया है कि एक विमान वन क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।

# बंगाल की छवि तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' के कारण धूमिल हुई : पुष्कर सिंह धामी

❑ उत्तराखंड के सीएम ने चुनावी अभियान में टैगोर, विवेकानंद और नेताजी का किया उल्लेख

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि स्वामी विवेकानंद, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय, रवींद्रनाथ टैगोर और सुभाष चंद्र बोस जैसी महान हस्तियों की भूमि पश्चिम बंगाल की छवि तृणमूल कांग्रेस के 'कुशासन' के कारण धूमिल हुई है। उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा के दौरान एक रैली को संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि 'तुष्टिकरण समर्थक' टीएमसी सरकार के शासन में बंगाल में घुसपैठियों की संख्या खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है, कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ गई है और महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर, बंकिमचंद्र, विवेकानंद, नेताजी और खुदीराम बोस जैसे क्रांतिकारियों की धरती पश्चिम बंगाल में आज आरजी कर अस्पताल में महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या, संदेशखाली में गरीब महिलाओं पर अत्याचार और टीएमसी नेताओं के भ्रष्टाचार के कारण हजारों स्कूली शिक्षकों की नौकरियां रद्द होने जैसी घटनाएं हो रही हैं। केवल भाजपा ही स्थिति बदलकर राज्य की गौरवशाली छवि वापस ला सकती है। धामी ने कहा कि टैगोर का सपना 'सोनार बांग्ला' (स्वर्णिम बंगाल) टीएमसी शासन में धूमिल हो गया है, जिसे केवल भाजपा ही फिर से साकार कर सकती है। उन्होंने दावा किया कि राज्य के सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) और केंद्र सरकार के कर्मचारियों के डीए के बीच का अंतर देश में सबसे अधिक है। धामी ने कहा कि अगर भाजपा सत्ता में आती है तो राज्य कर्मचारियों की लंबे समय से बरकरार मांगे पूरी की जाएंगी। धामी ने यह आरोप भी लगाया कि विभिन्न परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार से धन मिलने के बावजूद राज्य सरकार उसे खर्च नहीं कर पाई, जिससे लोगों को लाभ नहीं मिल पाया। उन्होंने सवाल किया कि इसके लिए जिम्मेदार कौन है? रैली के बाद धामी ने फूलों से सजे भगवा रंग के एक 'रथ' को हरी झंडी दिखाई और कुछ समय तक रैली में हिस्सा लिया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। इस रैली में केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार तथा पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी भी मौजूद थे।



## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति मुर्मू आज से बंगाल की दो दिवसीय यात्रा करेंगी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से पश्चिम बंगाल की दो दिवसीय यात्रा करेंगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि शुक्रवार को वह दार्जिलिंग में 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित दार्जिलिंग हिल फेस्टिवल का उद्घाटन करेंगी। इसके साथ ही वह लोक भवन, दार्जिलिंग में 'रूट एंड रिदम्स' नामक प्रदर्शनी का भी उद्घाटन करेंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर (आईआईटी-खड़गपुर) में महिला नेतृत्व और सशक्तीकरण पर प्लैटिनम जुबली फ्लैगशिप कार्यक्रम का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करेंगी। सात मार्च को वह दार्जिलिंग में अंतरराष्ट्रीय संथाल काउंसिल द्वारा आयोजित नौवें अंतरराष्ट्रीय संथाल सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी।

### निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ रविवार को चुनाव तैयारियों पर चर्चा के लिए बंगाल का करेगी दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ के आठ मार्च को पश्चिम बंगाल पहुंचने की संभावना है। एक वरिष्ठ निर्वाचन अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधिमंडल जिसके पहले नौ मार्च को राज्य में पहुंचने की उम्मीद थी, अब रविवार की रात को पहुंचने और आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए मंगलवार तक रहने की संभावना है। इस दौरे के दौरान, पूर्ण पीठ द्वारा चुनावी प्रक्रिया में शामिल प्रमुख हितधारकों के साथ कई बैठकें करने की उम्मीद है जिनमें प्रशासनिक और कानून प्रवर्तन अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आयोग विधानसभा चुनावों के लिए समग्र तैयारियों की समीक्षा करेगा और विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के साथ बातचीत करेगा।

### कोलकाता का वेयरहाउसिंग मार्केट मज़बूती और लंबे समय की क्षमता दिखा रहा है : नाइट फ्रैंक इंडिया

**कोलकाता :** इंटरनेशनल प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी, नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी लेटेस्ट वेयरहाउसिंग रिपोर्ट में बताया कि 2025 में लीजिंग एक्टिविटी में कमी के बावजूद, कोलकाता का वेयरहाउसिंग मार्केट मज़बूती और लंबे समय की क्षमता दिखा रहा है। कुल लीजिंग वॉल्यूम 2024 के 6.5 एमएनएसक्यू फीट से 30% साल दर साल घटकर 4.6 एमएनएसक्यू फीट रह गया। मज़बूत इंफ्रास्ट्रक्चर फंडामेंटल्स और बढ़ती ऑक्युपायर डिमांड के सहारे, शहर आने वाली तिमाहियों में लीजिंग मोमेंटम में रिकवरी के लिए अच्छी स्थिति में है। नाइट फ्रैंक इंडिया के सीनियर डायरेक्टर-ऑक्युपायर स्ट्रैटेजी एंड सॉल्यूशंस, जॉयदीप पॉल ने कहा, हालांकि 2025 में लीजिंग वॉल्यूम में कुछ समय के लिए कमी आई, लेकिन कोलकाता का वेयरहाउसिंग मार्केट असल में मजबूत बना हुआ है। यह गिरावट ज़्यादातर ज़मीन की बढ़ी हुई कीमतों और ग्रेड - सप्लाई की कमी की वजह से हुई, न कि डिमांड साइड की किसी कमजोरी की वजह से।

### एसआइआर सूची से नाम कटने पर जिला कार्यालय में भीड़

**हुगली, समाज्ञा :** होली की छुट्टियों के बाद गुरुवार को जिला शासक कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ी, जहां एसआईआर की अंतिम सूची से नाम कटने वाले लोग दोबारा आवेदन करने पहुंचे। नाम जुड़वाने के लिए लंबी लाइन में एक गर्भवती महिला रिया विश्वास भी खड़ी दिखीं, जिन्होंने प्रशासनिक परेशानी का आरोप लगाया। रिया विश्वास ने बताया कि परिवार के सभी सदस्यों के नाम वोटर सूची में हैं, लेकिन उनका नाम हटा दिया गया है, जबकि उन्होंने सभी दस्तावेज जमा किए थे। वहीं 63 वर्षीय रमेश परमानिक ने कहा कि वे 18 साल की उम्र से वोट दे रहे हैं, फिर भी इस बार सूची से नाम हटा दिया गया। बताया जा रहा है कि राज्य में करीब 64 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हट चुके हैं, जबकि लगभग 60 लाख मामलों पर अभी भी फैसला लंबित है, जिससे लोगों में चिंता बढ़ गई है।

## कोलकाता-दुबई उड़ान सेवा आंशिक रूप से बहाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण कोलकाता और दुबई के बीच उड़ान सेवाएं चार दिन तक निलंबित रहने के बाद गुरुवार को आंशिक रूप से बहाल हो गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि 'फ्लाईदुबई' की दुबई से आई एक उड़ान यहां नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर देर रात दो बजकर 40 मिनट पर उतरी जिसमें 130 यात्री सवार थे। 113 घंटे से अधिक समय तक सेवाएं बंद रहने के बाद पश्चिम एशिया से यह पहली उड़ान थी। कोलकाता हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार 'बोइंग 737 मैक्स' विमान वाली इस उड़ान का निर्धारित आगमन समय रात 12:25 बजे था। उन्होंने बताया कि यही उड़ान तड़के तीन बजकर 59 मिनट पर दुबई के लिए रवाना हुई जिसमें 55 यात्री सवार हुए। अधिकारियों ने बताया कि निलंबन से पहले कोलकाता से पश्चिम एशिया के लिए अंतिम उड़ान 28 फरवरी को रवाना हुई थी जो दुबई के लिए थी। उल्लेखनीय है कि अमेरिका, इजराइल और ईरान से जुड़े संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में बढ़ते तनाव और हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों के कारण विमानन कंपनियों ने अस्थायी रूप से परिचालन निलंबित कर दिया था, जिससे कोलकाता और दुबई, दोहा तथा अबू धाबी जैसे शहरों के बीच अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं बाधित हो गई थीं। उन्होंने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि पश्चिम एशिया के सभी मार्गों पर परिचालन पूरी तरह से कब तक बहाल होगा।

## रजवाड़ा ग्रुप के चार दिवसीय आयोजन में होली रसिकों का हुआ भरपूर मनोरंजन



**कोलकाता :** रजवाड़ा ग्रुप द्वारा लेकटाउन के विवाह बैंक्वेट में 4 दिन व्यापी राजस्थानी चंग ढप धमाल का विशाल आयोजन किया गया। इस ग्रुप ने पिछले चार सालों में कोलकाता में अपनी एक विशिष्ट सांस्कृतिक, सांगीतिक पहचान बनाई है। रजवाड़ा ग्रुप के कार्यक्रम में ग्रुप सदस्यों की प्रस्तुति के साथ-साथ मस्ताना ग्रुप, टैरियों की टोली, काकड़िया मतीरा ग्रुप, गोरबंद ग्रुप सहित राजस्थान से आए विश्वप्रसिद्ध कलाकार कुलदीप ओझा, स्वर कोकिला कंचन वर्षा, मनीषा सैनी, ट्विंकल वैष्णव, कल्पित चौधरी सहित अनेक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। रजवाड़ा ग्रुप के कार्यक्रम में भारी उपस्थिति को ध्यान रखते हुए विधाननगर पुलिस ने विशेष व्यस्था की थी। कार्यक्रम में दमकल मंत्री सुजीत बोस सहित समाजसेवी विनोद दूगड़, बजरंग बामलवा, वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश चंडालिया, राजलदेसर नागरिक परिषद के अध्यक्ष बाबूलाल दूधोड़िया, समाज सेवी सुशील हीरावत, अमर चंद दूगड़, प्रसन्न दुगड़, सुरेंद्र सुराणा, अरुण वर्मा, विजय जलु, पवन कुल्थिया, विनोद सोनी, राकेश नाहर, जय बिनायक सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं और युवा वर्ग की भागीदारी रही। होली रसियों ने इस कार्यक्रम और व्यस्था की भूरी भूरी प्रशंसा की और प्रत्येक वर्ष आयोजन करते रहने का निवेदन किया। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी गजराज सेठिया, गगन कड़ेल, मनोज सोनी एवं कृष्णा दूधोडिया (लालू) थे। रजवाड़ा ग्रुप के मीडिया प्रभारी राकेश चंडालिया ने यह जानकारी दी।

## हरियाणा नागरिक संघ का हास्य कवि सम्मेलन, होली मधुर मिलन

❑ होली की मस्ती का सब पर रंग जमाने हम बरसाने से आए हैं

**कोलकाता :** हरियाणा नागरिक संघ, कोलकाता द्वारा महाजाति सदन में होली मधुर मिलन एवं हास्य कवि सम्मेलन में पधारे सुप्रसिद्ध कवि अरुण जेमिनी, गजेंद्र सोलंकी, शम्भू शिखर, प्रख्यात मिश्रा, सुंदर कटारिया एवं पूनम वर्मा ने हास्य, व्यंग्य एवं ओजपूर्ण रचनाओं तथा काव्य की सरस प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भाव-विभोर किया। संस्था के अध्यक्ष बाबूलाल धनानिया, चेयरमैन सुरेश गुप्ता, सचिव गोरधन निगानिया, सुभाष जैन, शंकरलाल कारीवाल ने कवियों तथा सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। सामाजिक एकता और परस्पर बंधुत्व सद्भावना बनी रहे, इस उद्देश्य से होली - दीपावली प्रीति मिलन का आयोजन करते हैं। भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवनपुरी महाराज ने होली पर्व पर सभी के जीवन में सुख - शान्ति की शुभकामना दी। तालियों और ठहाकों से गूंजायमान, खचाखच भरे महाजति सदन में अरुण जेमिनी ने प्रपोज डे, वेलेंटाइन डे, नई मिठाई की दुकान के बोर्ड के प्रसंग में और अगर राजनीति में सफर करना है तो अरुण जेमिनी की राय सुनिये, योग शिक्षा में राजनीति को बेशर्म आसन समझा जाता है सुना कर भाव - विभोर किया। गजेंद्र सोलंकी ने समुंदर पार भी मां की दुआएं साथ होती है और राम, कृष्ण और गौतम के वंशजों की पहचान रहे एवम् सुन्दर कटारिया ने हरियाणवी हास्य रचनाएं सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर किया। पूनम वर्मा ने होली की मस्ती का सब पर रंग जमाने हम बरसाने से आए हैं एवम् मैं बृज की बांसुरी हूं, प्रेम का संदेश लाई हूं तथा प्रख्यात मिश्रा ने राम वही जो भारत की पहचान बनाने वाले हैं सुना कर मुग्ध किया। शम्भू शिखर ने कलयुग के संदर्भ में राधे राधे जपो, चले आएंगे बिहारी एवम् हास्य रचनाओं की प्रस्तुति से भाव विभोर किया। इस अवसर पर संघ द्वारा गंगासागर शिविर के संयोजक कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। अतिथियों का स्वागत द्वारिका प्रसाद अग्रवाला, मनोज लुहारीवाला, कमलेश (विक्की) हेतमपुरिया, विकाश गोयल, विनय जिन्दल, गोविन्द खरकिया एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। रामचन्द्र बड़ोपलिया, गोविंदराम ढाणेवाल, सत्यनारायण देवरालिया, विष्णु मित्तल, अशोक बंसल, राजकुमार चांदवासिया, विजय खोरडिया, नवीन कानोड़िया, मोहन लाल गोयल, रामस्वरूप खोरडिया, श्याम सुन्दर बंसल, सांवरमल धनानिया, दयानन्द रावलवासिया, अशोक गुप्ता, भागीरथमल गोयल, घीसाराम गोयल, मुकेश जिन्दल एवम् समाज के सदस्य सपरिवार सक्रिय रहे।



### मैनहोल में काम के वक़्त एक की मौत 2 बीमार

**हुगली :** जिले के श्रीरामपुर नगरपालिका के 12 नंबर वार्ड में मैनहोल खोलकर काम करने के दौरान तीन कर्मचारी अचानक बीमार हो गए। दमकल विभाग और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को तुरंत श्रीरामपुर वॉल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक कर्मचारी को मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम शेख मुस्तफा बताया गया है। उनका घर महेशतला थाना क्षेत्र में है। बाकी दो कर्मचारियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। इस घटना पर श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरीधारी साहा ने कहा कि यह काम कोलकाता मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी का चल रहा था, यह नगरपालिका का काम नहीं था।

## कोचिंग की जरूरत नहीं! उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के यूट्यूब चैनल पर शुरू होंगी ऑनलाइन कक्षाएं

**कोलकाता :** कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को अब अलग-अलग विषयों के लिए कोचिंग सेंटरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने छात्रों की पढ़ाई को आसान बनाने के लिए अपने यूट्यूब चैनल के माध्यम से ऑनलाइन कक्षाएं शुरू करने की पहल की है। यह जानकारी परिषद के नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. पार्थ कर्मकार ने दी।

परिषद की ओर से विभिन्न जिलों के स्कूलों से योग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का चयन शुरू कर दिया गया है। चयनित शिक्षक परिषद के अपने स्टूडियो में जाकर अपने-अपने विषयों की कक्षाएं लेंगे, जिनकी रिकॉर्डिंग की जाएगी। इन रिकॉर्ड किए गए पाठों को राज्य के किसी भी जिले के छात्र अपने घर बैठकर देख और सुन सकेंगे।

डॉ. पार्थ कर्मकार के अनुसार, इस पहल से पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार होगा। स्कूल में किसी विषय को पढ़ने के बाद यदि छात्र उसी विषय को ऑनलाइन माध्यम से अन्य शिक्षकों से भी समझेंगे तो विषय अधिक अच्छी तरह से समझ में आएगा। इसके अलावा ऑनलाइन वीडियो को बार-बार देखने की सुविधा होने से छात्रों के लिए महत्वपूर्ण विषयों को दोहराना भी आसान होगा।

परिषद के यूट्यूब चैनल पर अब तक 600 से अधिक शैक्षणिक वीडियो अपलोड किए जा चुके हैं और चैनल के सब्सक्राइबरों की संख्या लगभग 33,700 हो चुकी है। परिषद का लक्ष्य इस ऑनलाइन शिक्षा पहल को और अधिक लोकप्रिय बनाना है। कई स्कूलों के शिक्षकों का मानना है कि आने वाले समय में यह पहल विद्यार्थियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगी।

## हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र डॉ. ध्रुब धर को नवाचार के लिए मिला गांधियन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन अवॉर्ड



**कोलकाता,समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पूर्व छात्र डॉ. ध्रुब धर को बायोमेडिकल माइक्रोइंजीनियरिंग के क्षेत्र में उनके अभिनव शोध के लिए लगातार दो वर्षों 2023 और 2024 में प्रतिष्ठित गांधियन यंग टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन (जीवाईटीआई) अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। डॉ. धर और उनकी टीम को वर्ष 2024 में फ्रूगल डिजाइन एंड डेवलपमेंट ऑफ ए बायोमिमेटिक ट्यूमर-ऑन-चिप प्लेटफॉर्म फॉर प्रीसाइज ड्रग स्क्रीनिंग शीर्षक वाले शोध के लिए यह सम्मान मिला। यह तकनीक मानव ट्यूमर के वातावरण की नकल करने वाले किफायती माइक्रोफ्लुइडिक प्लेटफॉर्म विकसित करने पर केंद्रित है, जिससे दवाओं की अधिक सटीक और कम लागत में जांच संभव हो सकेगी। पुरस्कार समारोह 28 जनवरी 2026 को एनपीएल ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. वेनु गोपाल अचंता, प्रो अनिल के. गुप्ता, डॉ आर.ए माशेलकर, प्रो. अजय कुमार सूद, डॉ एन. कलाइसेल्वी, प्रो. मनोज कुमार धर और प्रो. पी.वी.एम. राव जैसी विज्ञान व प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं। इस प्रतियोगिता में देशभर के 25 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 111 संस्थानों से 560 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जिनमें से 412 नवाचारों को पात्र माना गया। इससे पहले 2023 में भी डॉ. धर और उनकी टीम को इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी-ऑन-ए-चिप डिवाइस पर किए गए शोध के लिए सम्मानित किया गया था, जिसमें यह अध्ययन किया गया कि विद्युत संकेत कैंसर कोशिकाओं की गति और मेटास्टेसिस को कैसे प्रभावित करते हैं। डॉ. धर ने हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर से ऑर्गन-ऑन-चिप्स और माइक्रोफ्लुइडिक्स विषय में पीएचडी पूरी की है। इस उपलब्धि पर हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा, हम डॉ. ध्रुब धर की इस उपलब्धि पर बेहद गर्व महसूस करते हैं। उनका शोध यह दर्शाता है कि युवा भारतीय वैज्ञानिकों के नवाचार वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उनकी सफलता हेरिटेज में विकसित मजबूत शैक्षणिक आधार और शोध संस्कृति को भी दर्शाती है। वहीं, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की प्रिंसिपल प्रो. बासब चौधरी ने कहा, डॉ. धर को राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह पहचान पूरे हेरिटेज परिवार के लिए गर्व की बात है। ऑर्गन-ऑन-चिप तकनीक में उनका अग्रणी शोध स्वास्थ्य सेवा और दवा खोज के क्षेत्र में बायोटेक्नोलॉजी अनुसंधान की परिवर्तनकारी क्षमता को दर्शाता है। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्रमुख श्राबंती बसु ने कहा,ध्रुब हमेशा से ही जिज्ञासु और समर्पित छात्र रहे हैं।

# भारतीय संग्रहालय में वसंत उत्सव की छटा, 'गीत गोविंदम' पर आधारित प्रस्तुति ने बांधा समां

**कोलकाता :** ऐतिहासिक भारतीय संग्रहालय के भव्य प्रांगण में आयोजित वसंत उत्सव इस वर्ष महाकवि जयदेव की अमर कृति गीत गोविंदम् को समर्पित रहा। 'रंग, रस और राधा-कृष्ण प्रेम' शीर्षक इस सांस्कृतिक संध्या का आयोजन प्रभा खेतान फाउंडेशन के तत्वावधान में किया गया। वसंत की मृदुल बयार के बीच आयोजित इस कार्यक्रम ने रंग, राग और भक्ति का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में संस्कृतिकर्मी और लेखक संदीप भूतोड़िया की काव्यात्मक प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से राधा-कृष्ण के पवित्र प्रेम और वृंदावन की आध्यात्मिक अनुभूति को जीवंत कर दिया। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को एक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वर प्रदान किया।



इस अवसर पर सुप्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना डोना गांगुली तथा उनकी संस्था 'दीक्षा मंजरी' की नृत्यांगनाओं ने बसंत पल्लवी और ललित लवंग लता जैसी प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रेम की विविध अवस्थाओं को मंच पर साकार किया। ओडिसी नृत्य की लयात्मक मुद्राओं और भावपूर्ण अभिव्यक्ति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संगीत की मधुर स्वर-लहरियों ने कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया। दक्षिणायन (यूके) समूह के डॉ. आनन्दो घोष ने रवीन्द्र संगीत-ओरे गृहवासी, नील दिगन्ते, ओरे भाई फागुन और दक्षिण हवा जागो-प्रस्तुत कर वसंत की सुगंध को सुरों में पिरो दिया। कार्यक्रम के समापन पर जय हो, देश रंगीला, वंदे मातरम और रंग दिये जाओ जैसी प्रस्तुतियों ने वातावरण को उत्सवी और देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया।



प्रभा खेतान फाउंडेशन के प्रबंध न्यासी संदीप भूतोड़िया ने कहा, वृंदावन की होली से लेकर शांतिनिकेतन की बसंती होली तक भारत की विविध परंपराएँ एक ही सूत्र में पिरोई हुई हैं। रंग भले अलग हों, पर भाव एक है-प्रेम, राग भले भिन्न हों, पर लय एक है-भक्ति।

इस अवसर पर भारतीय संग्रहालय के निदेशक डॉ सायन भट्टाचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए संदीप भूतोड़िया और डोना गांगुली को सम्मानित किया। कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध नागरिकों, फिल्मी कलाकारों और विभिन्न देशों के वाणिज्य दूतावासों के प्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

## न्यूज अपडेट

### सेवड़ाफुली स्टेशन परिसर में आग लगने से मची अफरातफरी



**हुगली, समाज्ञा :** गुरुवार दोपहर सेवड़ाफुली स्टेशन परिसर के प्लेटफॉर्म इलाके में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार प्लेटफॉर्म नंबर 3 और 4 के बीच जमा कचरे में आग लग गई। बताया जा रहा है कि सूखे कचरे से ही आग की शुरुआत हुई, जो देखते-ही-देखते फैलने लगी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम पहुंची। प्लेटफॉर्म के पास मौजूद रेल कर्मचारियों ने सबसे पहले आग बुझाने की कोशिश की। बाद में दमकल की एक गाड़ी भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जहां आग लगी थी, उसके ठीक पास शौचालय होने के कारण यात्रियों में दहशत फैल गई और कई लोग प्लेटफॉर्म पर इधर-उधर भागने लगे। आग की चपेट में एक विज्ञापन होर्डिंग भी आ गया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है और ट्रेन सेवाओं पर भी कोई असर नहीं पड़ा।

### विधानसभा चुआवों से पहले आरामबाग में राजनीतिक हिंसा

❑ भाजपा समर्थक के दुकान में लगाई आग



**हुगली, समाज्ञा :** जिले का आरामबाग महकमा राजनीतिक हिंसा के लिए सुर्खियों में जाना जाता है। विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही आरामबाग इलाके में एक बार फिर राजनीतिक तनाव बढ़ने लगा है। हुगली जिले के कालिपुर वार्ड नंबर 18 में भाजपा के बूथ अध्यक्ष की दुकान में आग लगा देने का आरोप भाजपा ने तृणमूल कार्यकर्ताओं पर लगाया गया है। बताया जा रहा है कि चुनाव की घोषणा से पहले ही इलाके में तनाव बढ़ गया है। आरोप है कि भाजपा कार्यकर्ता की दो दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलने पर आरामबाग थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बिगड़ती स्थिति को नियंत्रण में लिया। काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद इलाके में राजनीतिक माहौल गरमा गया है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि तृणमूल कांग्रेस ने लगाए गए सभी आरोपों को निराधार बताया है।

### पूर्व रेलवे रेलवन ऐप के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 6 मार्च से चलाएगा विशेष अभियान

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा रेल यात्रियों और उपयोगकर्ताओं को एक ही मंच पर सभी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने तथा आसान उपयोगकर्ता इंटरफेस प्रदान करने के उद्देश्य से रेलवन ऐप लॉन्च किया गया है। इस ऐप की सुविधाओं और इसके उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पूर्व रेलवे 6 मार्च से एक विशेष सूचना अभियान शुरू करेगा, जो 12 मार्च 2026 तक चलेगा। यह अभियान पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के मार्गदर्शन में चलाया जाएगा। इसका उद्देश्य रेलवन ऐप को लोकप्रिय बनाना, यात्रियों और रेल कर्मचारियों को इसके उपयोग के लिए प्रेरित करना तथा अधिक से अधिक लोगों को डिजिटल सेवाओं से जोड़ना है। यह अभियान पूर्व रेलवे मुख्यालय, रेलवे हेडक्वार्टर और डिवीजन के रेलवे ऑफिस के साथ-साथ पूर्व रेलवे के अलग-अलग जरूरी स्टेशनों जैसे सियालदह, दमदम जंक्शन, नैहाटी, कांचरापाड़ा, आसनसोल, दुर्गापुर, जसीडीह, मालदह, भागलपुर, साहिबगंज, जमालपुर, बंडेल, वर्दवान और रामपुरहाट सहित अन्य जगहों पर भी जारी रहेगा। इस अभियान का लक्ष्य रेलवे स्टाफ और यात्रियों में डिजिटल रेलवे सेवाओं को बढ़ावा देना, टिकट बुकिंग काउंटरों पर लगने वाली कतारों और मैनुअल निर्भरता को कम करना, डिजिटल जागरूकता बढ़ाना तथा ऐप इंस्टॉलेशन से संबंधित आंकड़े एकत्र करना है।

### भूमिहार होली मिलन समारोह भव्य रूप से संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** नतून बाजार काली मंदिर के प्रांगण पर बुधवार को आयोजित भूमिहार होली मिलन समारोह में लगभग 60-70 सम्मानित भाई पधारे और अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर अविनाश कुमार सिंह एवं समाज्ञा हिन्दी दैनिक के संपादक अनिल कुमार राय, डॉ. ए पी राय भी कार्यक्रम का लुत्फ उठाए। इस आयोजन को सफल बनाने में त्रिमूर्ति कोल कंपनी के मालिक शशि भूषण ठाकुर, हरि, एवं विजय ओझा साथ निभाने वाले सुनील सिंह, सुखदेव राय, शैलेश सिंह, राकेश सिंह, डीके सिंह, गोपाल राय का अहम भूमिका रही।

### दो पत्नियों में किसे मिलेगी पारिवारिक पेंशन? मामले में हाई कोर्ट का अहम निर्देश

**कोलकाता :** दो पत्नियों के बीच पारिवारिक पेंशन को लेकर उठे विवाद के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने अहम निर्देश दिया है। अदालत ने एक सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी की सर्विस बुक पेश करने को कहा है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि पेंशन का वास्तविक अधिकार किसे है। मामला इछापुर रेल कारखाने में कार्यरत एक ग्रुप-डी कर्मचारी से जुड़ा है, जो पिछले वर्ष 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए हैं। आरोप है कि पहली पत्नी से कानूनी रूप से तलाक लिए बिना ही कर्मचारी ने दूसरी शादी कर ली। बाद में अपनी सर्विस बुक में पेंशन के नॉमिनी के रूप में पहली पत्नी का नाम हटाकर दूसरी पत्नी का नाम दर्ज करा दिया। इस पर पहली पत्नी ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया कि पति की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन की असली हकदार वही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनका एक बेटा भी है और रेलवे अधिकारियों से सर्विस बुक में उनका नाम जोड़ने की मांग की। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति कृष्णा राव ने कहा कि संबंधित कर्मचारी अभी जीवित हैं, इसलिए पारिवारिक पेंशन का प्रश्न अभी उठता ही नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून के अनुसार कर्मचारी की मृत्यु के बाद, यदि पहली पत्नी जीवित हैं, तो पेंशन पर पहला अधिकार उसी का होता है। अदालत ने पहली पत्नी की याचिका पर रेलवे अधिकारियों को निर्देश दिया कि 13 मार्च को कर्मचारी की सर्विस बुक अदालत में पेश की जाए। वहीं कर्मचारी की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि सर्विस बुक में दूसरी पत्नी का नाम दर्ज है और उनकी बेटी भी पेंशन की दावेदार हो सकती है। अदालत ने कहा कि मामले में अंतिम निर्णय कानून के अनुसार ही लिया जाएगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार के मधुबनी में एसयूवी और ट्रक की टक्कर में पांच लोगों की मौत

**मधुबनी:** बिहार के मधुबनी जिले के फुलपारास इलाके में बृहस्पतिवार को एक सड़क दुर्घटना में महिला सहित पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना सुबह के समय तब हुई जब लोगों को ले जारी एसयूवी की एक ट्रक से टक्कर हो गई। फुलपारास पुलिस थाना प्रभारी विक्रम आचार्य ने बताया, एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों में से दो का इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

### होली के रंग को लेकर दो पक्षों में विवाद, 11 लोग घायल हुए, 20 हिरासत में लिये गये

**शाहजहांपुर (उप्र):** शाहजहांपुर जिले में होली पर दूसरे धर्म के एक व्यक्ति पर रंग डालने को लेकर हुए विवाद के बाद बृहस्पतिवार को दोनों धर्म के लोग आपस में फिर भिड़ गए, फलस्वरूप पथराव में 11 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में दोनों धर्मो के 20 लोगों को हिरासत में लिया है। गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि गांव में शांति कायम है लेकिन एहतियातन वहां पुलिस बल को तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि अल्लाहगंज थानाक्षेत्र के मऊ रसूलपुर गांव में बुधवार को हिंदू समुदाय द्वारा रंग खेले जाने के दौरान दूसरे धर्म के एक व्यक्ति पर रंग पड़ गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

### कोटा के शिव मठ मंदिर चंद्रेसल का संरक्षण कार्य होगा: उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**जयपुर:** राजस्थान सरकार कोटा के शिव मठ मंदिर चंद्रेसल के संरक्षण का कार्य करेगी। उपमुख्यमंत्री तथा संस्कृति एवं पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोटा का शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल 10वीं-11वीं शताब्दी का मंदिर है, राज्य सरकार शीघ्र ही प्राथमिकता से इस मंदिर के संरक्षण संबंधी काम करेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल के शिखर का कार्य मैचिंग पत्थर नहीं मिलने के कारण नहीं करवाया जा सका था। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस स्मारक का संरक्षण एवं विकास कार्य विशेषज्ञों की देख-रेख में पूर्ण सावधानी और उच्चगुणवत्तायुक्त सामग्री से ही करवाया जाएगा।

# जन समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता अक्षम्य : योगी आदित्यनाथ



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात की और अधिकारियों को जन शिकायतों का तत्परता और संवेदनशीलता से समाधान करने की हिदायत देते हुए आगाह किया कि किसी भी तरह की लापरवाही अक्षम्य है। गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद चलकर पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। राज्य सरकार के बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने करीब 150 लोगों से मुलाकात की और सभी को समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जन समस्याओं का समाधान तत्परता और संवेदनशीलता से करें। उन्होंने हिदायत दी, 'इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही अक्षम्य होगी। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए।' मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले और कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। बयान के मुताबिक जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वासन दिया कि सरकार इलाज के लिए उनकी भरपूर मदद करेगी।

### आरएसएस की समन्वय बैठक में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की समन्वय बैठक में शामिल हुए। बंद कमरे में हुई यह बैठक नेहरू नगर के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित की गयी और इसमें संघ के महासचिव (संगठन) और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए थे। बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई, इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आयी है। हालांकि शहर विधायक संजीव शर्मा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि उत्तर प्रदेश में पूरे साल ऐसी समन्वय बैठकें आयोजित की जानी हैं। एक महीने के अंदर गाजियाबाद के अपने दूसरे दौरे पर आए योगी आदित्यनाथ ने संघ की समन्वय बैठक के बाद पुलिस लाइन हेलीपैड पर गए और कई स्थानीय नेताओं से मुलाकात की, जिनमें सांसद अतुल गर्ग तथा आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स राज्य मंत्री सुनील कुमार शर्मा शामिल थे।

### जयपुर में देश-विदेश से 450 विशेषज्ञ हड्डी कैंसर जांच एवं उपचार की पद्धतियों पर करेंगे चर्चा

**जयपुर:** भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर और 'इंडियन मस्क्युलोस्केलेटल ऑन्कोलॉजी सोसाइटी' के संयुक्त तत्वावधान में यहां सात मार्च से अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'आईएमएस-ओएस 2026 -बीएमकॉन' का आयोजन होगा। आयोजकों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वैसे तो राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र (आरआईसी) में इस तीन दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत छह मार्च को कार्यशाला के साथ होगी, लेकिन मुख्य सम्मेलन सात मार्च से शुरू होगा जिसमें देश-विदेश के 450 से अधिक हड्डी कैंसर विशेषज्ञ भाग लेंगे। सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दक्षिण पश्चिम कमान के 'जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ' लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह होंगे। यह सम्मेलन 'ऑर्थोपेडिक ऑन्कोलॉजी' के विशेषज्ञों, सर्जन्स, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं शोधकर्ताओं को एक साझा मंच प्रदान करेगा, जहां हड्डी एवं 'सॉफ्ट टिश्यू कैंसर' के नवीनतम उपचार, अनुसंधान, सर्जिकल तकनीकों एवं बहु-विषयक दृष्टिकोण पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## भाजपा नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जदयू को खत्म करने की साजिश रच रही है: तेजस्वी यादव



**पटना:** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर आरोप लगाया कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) को खत्म करने की साजिश रच रही है। तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद से हटने से संबंधित घटनाक्रम पर सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सब जानते हैं कि बिहार के चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने नारा दिया था - '2025 से 30 फिर से नीतीश'। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और राजग के घटक दल जानते हैं कि किस प्रकार तंत्र-मंत्र और पूरे सिस्टम का इस्तेमाल कर चुनाव लड़ा गया। उन्होंने कहा, ''उस समय भी हमने कहा था कि भाजपा के लोगों ने नीतीश कुमार को 'हाईजैक' कर लिया है और उन्हें दोबारा कुर्सी पर बैठने नहीं देंगे। हमने कहा था कि वे छह महीने से ज्यादा कुर्सी पर नहीं रहेंगे। भाजपा जिसके साथ भी रही है, उसे बर्बाद करने का काम किया है। भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), दलित और आदिवासी विरोधी पार्टी है।' तेजस्वी यादव ने यह टिप्पणी राजद के राज्यसभा उम्मीदवार अमरेंद्र धारी सिंह के नामांकन के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। उन्होंने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि बिहार में ऐसा नेता रहे जो ओबीसी या दलितों की बात करता हो और वह एक 'रबड़ स्टांप मुख्यमंत्री' चाहती है। तेजस्वी ने कहा कि राज्य में जो सत्ता परिवर्तन हो रहा है, वह जनभावनाओं के खिलाफ है और लोग भाजपा के चाल-चरित्र को समझते हैं। उन्होंने कहा, ''हमने नीतीश कुमार के साथ भी काम किया है, लेकिन अधिकतर समय हम विपक्ष में रहे। 28 जनवरी 2024 को जब जदयू ने हमारा साथ छोड़ा था, तब भी हमने कहा था कि भाजपा अंततः उन्हें समाप्त करने की कोशिश करेगी। हमें उनके प्रति पूरी सहानुभूति है। उन्होंने बिहार की जो सेवा की है, उसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं।' तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में जो राजनीतिक घटनाक्रम हो रहा है, वह किसी सामान्य राजनीतिक प्रक्रिया का हिस्सा नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति का परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वही महाराष्ट्र मॉडल बिहार में लागू करने की कोशिश कर रही है, जिसके जरिए सहयोगी दलों को कमजोर कर सत्ता संतुलन अपने पक्ष में किया जाता है।

## अपनी पार्टी के पूर्ण बहुमत के बिना लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतीश चले राज्यसभा की ओर

**पटना:** बिहार की राजनीति में एक अलग पहचान बनाने वाले जदयू प्रमुख नीतीश कुमार अब सक्रिय राज्य राजनीति से हटकर राज्यसभा की ओर बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले कुमार का राजनीतिक सफर उतार-चढ़ाव और रणनीतिक फैसलों से भरा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि उनकी पार्टी जनता दल यूनाइटेड को विधानसभा में कभी भी अपने दम पर पूर्ण बहुमत नहीं मिला, फिर भी वह राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेताओं में शामिल हो गए। उनके इस फैसले को लेकर पार्टी के भीतर भी हैरानी और असंतोष के स्वर सुनाई दे रहे हैं। समाज कल्याण मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता मदन साहनी ने कहा कि जो कुछ हो रहा है, उससे हम स्तब्ध हैं और यह विश्वास करना मुश्किल है कि यह फैसला खुद नीतीश कुमार का हो सकता है। बताया जा रहा है



कि नीतीश की लंबे समय से लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा-तीनों सदनों का सदस्य बनने की इच्छा रही है, जिसे वह अब राज्यसभा में जाकर पूरा करना चाहते हैं। इधर जदयू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के पास जाने से पुलिस द्वारा रोके जाने पर पार्टी कार्यालय में तोड़फोड़ कर नाराजगी जताई। समर्थकों का मानना है कि जिन नीतीश कुमार को कभी भाजपा के कुछ नेता प्रधानमंत्री पद का संभावित उम्मीदवार मानते थे, उनका इस तरह से पद छोड़ना सम्मानजनक नहीं माना जा सकता। वहीं विपक्ष ने इस पूरे घटनाक्रम के लिए खुद नीतीश कुमार को जिम्मेदार ठहराया है। राजद नेता और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा ने बिहार में भी महाराष्ट्र जैसा राजनीतिक खेल कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमारे साथ गठबंधन में रहते हुए हमने अधिक विधायक होने के बावजूद उन्हें मुख्यमंत्री बनाया, लेकिन उन्होंने दो बार साथ छोड़ दिया। हालांकि, 75 वर्ष के हो चुके नीतीश कुमार के राजनीतिक जीवन में कई उपलब्धियां भी दर्ज हैं। उन्होंने 1970 के दशक में जेपी आंदोलन से राजनीति की शुरुआत की थी। 1985 में नालंदा के हरनौत से विधायक बनने के बाद उनका राजनीतिक सफर लगातार आगे बढ़ता गया और 1989 में वह संसद पहुंचे। बाद में वी.पी. सिंह सरकार में मंत्री बने और अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं।

### इज़राइल की जीत और आतंकवाद के वैश्विक उन्मूलन के लिए संभल में 'यज्ञ' किया गया

**संभल (उप्र):** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इजराइल की जीत और आतंकवाद के वैश्विक उन्मूलन के लिए संभल में एक 'यज्ञ' किया गया। सनातन सेवा संघ के जिला अध्यक्ष कैलाश चंद्र गुप्ता ने संवाददाताओं से कहा, 'आज (बृहस्पतिवार को) आतंकवाद के समूल नाश, विश्व में शांति की स्थापना और इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू की लंबी उम्र के लिए यज्ञ किया गया। गुप्ता ने कहा,'हम यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत में कुछ लोग ईरान में अयातुल्ला खामेनेई की मौत पर शोक मना रहे हैं। लेकिन उन्होंने कभी भी कश्मीर के पुलवामा हमले, पहलगाम हमले या हाल में दिल्ली में हुए बम विस्फोटों पर शोक नहीं जताया। उन्होंने कभी भी भारतीय सैनिकों की शहादत पर शोक नहीं जताया। खामनेई के बारे में वे कहते हैं कि अगर एक खामेनेई मर जाएगा, तो हजारों खामेनेई पैदा हो जाएंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि यज्ञ के माध्यम से वे लोग यह संदेश देना चाहते हैं कि दुनिया में शांति स्थापित हो, आतंकवाद पूरी तरह खत्म हो और इजरायल विजयी हो।

## न्यूज अपडेट

### गोरखपुर में कार की टक्कर से एमबीबीएस छात्र की मौत, पुल की रेलिंग से लटकता मिला शव



**गोरखपुर (उप्र):** गोरखपुर के शाहपुर इलाके में कार की टक्कर लगने से स्कूटर सवार एमबीबीएस के एक छात्र की मौत हो गई। कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को शाहपुर थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर-कौवाबाग ओवरब्रिज पर तेज गति से जा रही एक लग्जरी कार ने एमबीबीएस तृतीय वर्ष के छात्र आकाश पांडेय (22) के स्कूटर को टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर लगने से आकाश करीब 15 मीटर दूर जा गिरा और ओवरब्रिज की रेलिंग से टकराकर करीब 30 मिनट तक मुंह के बल लटका रहा। उन्होंने बताया कि राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और उसे जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि संत कबीर नगर का रहने वाला आकाश बुधवार को एक दोस्त के घर होली मनाने गया था और डिनर के बाद वह रात करीब साढ़े नौ बजे अपने हॉस्टल के लिए निकला था। उन्होंने बताया कि आकाश को टक्कर मारने वाले कार चालक की पहचान प्रॉपर्टी डीलर गोल्डन साहनी के तौर पर हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अभिनव त्यागी ने बताया कि साहनी पर गैर-इरादतन हत्या और दूसरी संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मिसाइलों के साए से लौटे कई राजस्थानी, परिवारों में दौड़ गयी खुशी की लहर

**जयपुर:** ईरान-इजराइल-अमेरिका संघर्ष के कारण दुबई में फंसे कई राजस्थानी सुरक्षित रूप से अपने घर लौट आए हैं। उनके परिवार के लोग उनकी सुरक्षित वापसी का जश्न मना रहे हैं। लौटने वालों में बीकानेर के छह युवक शामिल हैं, जो काम के सिलसिले में दुबई गए थे। उनमें जोधपुर के कुछ श्रद्धालु भी थे जो धार्मिक कार्यक्रम के सिलसिले में वहां गये थे। ये लोग ईरान-इजराइल-अमेरिका संघर्ष के बीच फंस गए थे। घर पहुंचने के बाद उन्होंने अपने परिवार और परिचितों को अपने अनुभव सुनाए एवं बताया कि उड़ानों के निलंबन के कारण उन्हें कितनी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बीकानेर के युवकों ने मिसाइल हमलों के भयावह अनुभव साझा किए। राजेंद्र आचार्य ने कहा, हमारी इमारत के पास मिसाइल धमाके होते थे, जिससे रातें बेचैन हो जाती थीं। हमें जल्दी में निकलना पड़ा । उन्होंने बताया कि वह पहले मस्कट पहुंचे, फिर वहां से गोवा और दिल्ली होते हुए अंततः बीकानेर लौटे। उन्होंने सुरक्षित यात्रा के लिए ईश्वर का आभार जताया।

### बिहार में व्हाट्सऐप पर पाकिस्तानी नंबरों से बातचीत करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**बेतिया :** बिहार पुलिस ने मोबाइल फोन में पाकिस्तानी नंबरों के साथ हुई व्हाट्सऐप चैट मिलने के बाद पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया से एक युवक को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गिरफ्तार युवक की पहचान खुर्शीद आलम (25) के रूप में हुई है। जिला पुलिस के एक बयान के अनुसार, सूचना के आधार पर पुलिस ने मझौलिया चीनी मिल के पास से आलम को गिरफ्तार किया। उसके पास से तीन एटीएम कार्ड और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। बयान में कहा गया है कि उसके मोबाइल फोन की जांच के दौरान कुछ पाकिस्तानी (+92 कोड वाले) फोन नंबरों के साथ व्हाट्सऐप चैट मिलने का पता चला। पुलिस ने बताया कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और जांच की जा रही है।

### राजस्थान विधानसभा में हंगामा, कांग्रेस व भाजपा के विधायक आए आमने-सामने

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा में बृहस्पतिवार शाम एक विधेयक पर चर्चा के दौरान पीठासीन अधिकारी और कांग्रेस के विधायक के बीच नोक झोंक हो गई। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व विपक्षी कांग्रेस के विधायकों के आमने सामने आने, सदन में हंगामा होने व नारेबाजी के बीच कार्यवाही आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान (संशोधन) विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष की पीठ पर आसीन संदीप शर्मा ने उन्हें वक्त का ध्यान दिलाया, इस पर विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने आपत्ति जताते हुए कहा कि विधेयक पर चर्चा के दौरान किसी विधायक को घंटी बजाकर टोकने की परंपरा नहीं है।

समीक्षा

## CINE मंत्र

## पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण फिल्म 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' अब अलग-अलग तिथि पर रिलीज होंगी



उद्योग विशेषज्ञों और फिल्म प्रदर्शकों का कहना है कि पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव फिल्म 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक: ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' के लिए मददगार साबित हुआ है क्योंकि पहले एक ही तिथि (19 मार्च) पर रिलीज होने वाली ये दोनों फिल्में अब अलग-अलग तारीख पर रिलीज की जाएंगी।

बुधवार को एक चौंकाने वाली घोषणा के तहत 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने कहा कि उन्होंने फिल्म की रिलीज को चार जून तक टालने का फैसला किया है, क्योंकि भू-राजनीतिक अनिश्चितता का असर खाड़ी क्षेत्र समेत दुनियाभर में टिकट खिड़की पर होने वाली कमाई पर पड़ सकता है।

इस फिल्म में कन्नड़ सुपरस्टार यश मुख्य भूमिका में हैं। आदित्य धर की जासूसी फिल्म 'धुरंधर' का दूसरा भाग, जिसमें रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में हैं, अब 19 मार्च को रिलीज होने वाली एकमात्र बड़ी फिल्म होगी।

व्यापार विशेषज्ञ गिरीश वानखेड़े ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''जब दो फिल्में एक साथ रिलीज होती हैं, तो सिनेमाघरों के लिए यह तनावपूर्ण समय होता है क्योंकि दर्शक बंट जाते हैं। उदाहरण के लिए, यदि किसी सिनेमाघर में पांच शो हो सकते हैं, तो उन्हें एक फिल्म को तीन शो और दूसरी फिल्म को शेष दो शो देने पड़ते हैं।''

वानखेड़े के अनुसार, दो बड़ी फिल्मों को एक ही तारीख पर रिलीज करने से फिल्म उद्योग को 150 करोड़ रुपये तक के नुकसान का डर था।

उन्होंने कहा, 'ईरान-इजराइल युद्ध एक तरह से 'वरदान' साबित हुआ है, इस संघर्ष से भारतीय सिनेमा को फायदा हुआ है क्योंकि 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' दोनों ही अब अलग-अलग तिथि पर रिलीज होंगी।'

'धुरंधर' का पहला संस्करण पांच दिसंबर को रिलीज हुआ था और इसने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1,300 करोड़ रुपये की कमाई की थी, जिसमें से 1,000 करोड़ रुपये अकेले भारतीय बाजार से प्राप्त हुए थे।

'पीवीआर आईएनओएक्स पिक्चर्स' के सीईओ कमल ज्ञानचंदानी ने कहा कि हालांकि प्रदर्शक दो बड़ी फिल्मों की एक साथ रिलीज को संभालने के लिए सुसज्जित हैं, लेकिन इस तरह के टकराव से बचना लाभकारी स्थिति है।

## वर्षा उसगांवकर के साथ लाखों रुपये की धोखाधड़ी



वर्षा उसगांवकर हिंदी और मराठी फिल्मों का जाना-माना नाम हैं। हाल ही में मुंबई पुलिस ने जानकारी साझा की कि कई लोगों समेत अभिनेत्री वर्षा उसगांवकर भी ठगी और धोखाधड़ी का शिकार हुईं। एक्ट्रेस के अलावा कई लोगों से लगभग 47 लाख रुपये ठगे गए हैं। जानिए, क्या है ये पूरा मामला।

### एक्ट्रेस से प्रोड्यूसर बनकर ठगे लाखों रुपये

मुंबई पुलिस के मुताबिक मराठी एक्ट्रेस वर्षा उसगांवकर के अलावा कई लोगों ने एक व्यक्ति ने लाखों रुपये की ठगी की है। एक बिल्डर और प्रोड्यूसर बनकर इस व्यक्ति ने करीब 47 लाख रुपये ठगे हैं। यह मामला मराठी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा है।

आरोपी का नाम अविनाश जाधव है। इसके खिलाफ मुंबई के शिवाजी पार्क पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### आरोपी ने ठगी करने के बाद दी धमकी

मुंबई पुलिस के मुताबिक अविनाश जाधव के खिलाफ शिकायत मराठी थिएटर और फिल्म एक्ट्रेस मृणालिनी सुभाष जांभाले ने की है। वह अविनाश को प्रोफेशनल जानती थीं। इस व्यक्ति ने खुद को बिल्डर और प्रोड्यूसर बताया। एक कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट में इंवेस्ट करने पर ज्यादा रिटर्न का वादा किया। नवंबर 2019 और फरवरी 2020 के बीच, मृणालिनी जांभाले, वर्षा उसगांवकर और तीन अन्य लोगों ने आरोपी को 47 लाख रुपये ट्रांसफर किए।

इस व्यक्ति ने रिटर्न के तौर पर कुछ पैसा लौटाया। फिर बाद में पेमेंट करना बंद कर दिया। बार-बार कॉन्टैक्ट करने के बाद मोबाइल बंद कर दिया। साथ ही पैसा मांगने वाली एक्ट्रेस को धमकी भी दी। पुलिस अभी जांच कर रही हैं कि आरोपी ने अब तक कितने और लोंगो को फंसाया है।

## हॉलीवुड में काम करना चाहती हैं ऋचा चड्ढा

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने साल 2008 में बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी और करीब दो दशकों में उन्होंने अपने अलग और दमदार किरदारों से इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। अब 39 साल की ऋचा अपने करियर को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाने की तैयारी कर रही हैं और हॉलीवुड में भी मजबूत पहचान बनाना चाहती हैं।



### पति के नक्शे-कदम पर चलना चाहती हैं ऋचा

ऋचा कहती हैं कि वे अपने पति और एक्टर अली फजल के नक्शे-कदम पर चलना चाहती हैं, जिन्होंने हॉलीवुड और इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। अली फजल 'फ्यूरियस' 7 (2015), विक्टोरिया एंड अब्दुल (2017), डेथ ऑन द नील (2022) और कंधार (2023) जैसी फिल्मों में नजर आ चुके हैं।

ऋचा ने कहा, 'मैं भी अली के रास्ते पर चलना चाहती हूं और वेस्ट में कुछ अच्छा काम करना चाहती हूं। भला कौन ऐसा नहीं चाहता? अली ने जिस तरह भारत और विदेश दोनों जगहों पर काम को संभाला है, वह वाकई कमाल का है।

उन्हें दोनों दुनिया को इतनी खूबसूरती से बैलेंस करते देखना अपने आप में प्रेरणादायक है। अगर मुझे अच्छी स्क्रिप्ट और दमदार किरदार मिलता है तो मैं हॉलीवुड में काम करना जरूर पसंद करूंगी।'

### इन फिल्मों से ऋचा ने जीता फैंस का दिल

हालांकि ऋचा के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट्स पूरी तरह नए नहीं हैं। वह पहले भी इंडियन-मेक्सिकन-अमेरिकन फिल्म 'वर्ड्स विद गॉड्स' (2014), इंडियन-फ्रेंच को-प्रोडक्शन 'मसान' (2015) और इंडो-अमेरिकन फिल्म 'लव सोनिया' (2018) में काम कर चुकी हैं, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली थी।

# किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य संघर्ष से नहीं हो सकता: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को 'शीघ्र समाप्त' करने का बृहस्पतिवार को आह्वान करते हुए कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। मोदी ने फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा, 'भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता।' मोदी ने मीडिया में जारी बयान में कहा, 'चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे।' वार्ता में दोनों पक्षों ने भारत-फिनलैंड संबंधों को डिजिटलीकरण और सतत विकास के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने पर भी सहमति जताई। उन्होंने कहा, 'एआई (सूचना प्रौद्योगिकी) से लेकर 6जी दूरसंचार तक, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर 'क्वांटम कंप्यूटिंग' तक, यह साझेदारी प्रौद्योगिकी के कई क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा प्रदान करेगी।' मोदी ने कहा कि भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत और फिनलैंड के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, 'यह समझौता भारत एवं फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करेगा।' फिनलैंड के राष्ट्रपति स्टब ने व्यापार, निवेश एवं महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से बुधवार को भारत की चार दिवसीय यात्रा शुरू की।

## भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग बढ़ने की अपार संभावनाएं: राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली:** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड के बीच सहयोग बढ़ने की अपार संभावनाएं हैं। मुर्मू ने फिनलैंड के अपने समकक्ष अलेक्जेंडर स्टब के साथ राष्ट्रपति भवन में एक बैठक में कहा कि फिनलैंड को भारत एक मूल्यवान और भरोसेमंद साझेदार के रूप में देखता है, जिसके साथ संबंध आपसी विश्वास और साझा लोकतांत्रिक परंपराओं पर आधारित हैं। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि हाल के वर्षों में, भारत-फिनलैंड संबंध में नवाचार, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों, शिक्षा और आर्थिक सहयोग को प्रमुखता देते हुए एक गतिशील साझेदारी विकसित हुई है। मुर्मू ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि हाल ही में घोषित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हमारे व्यापार और निवेश संबंधों को नयी गति प्रदान करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि फिनलैंड क्वांटम प्रौद्योगिकी से लेकर 6जी तक अत्याधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों में वैश्विक अग्रणी है और उन्होंने विकसित भारत के सफर में फिनिश कंपनियों की भूमिका की सराहना की।

## सनातन धर्म सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है: भागवत



**अहमदाबाद:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि सनातन धर्म सामाजिक सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है। उन्होंने साथ ही कहा कि जाति के नाम पर भेदभाव किया जाना धर्म और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है। भागवत ने यहां के निकट जेतलपुर गांव में स्वामीनारायण मंदिर में एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान की प्रत्येक रचना का एक उद्देश्य होता है और सभी के प्रति अपनेपन की भावना सामाजिक सद्भाव का सार है। उन्होंने कहा, ईश्वर की सृष्टि में सूखी घास के तिनके का भी कोई न कोई उद्देश्य होता है। सभी को इसी भाव से अपनाना और हृदय में अपनेपन की भावना रखना ही सामाजिक समरसता कहलाता है। हर व्यक्ति ईश्वर की रचना है।' भागवत ने कहा, 'ऊंच-नीच का भेद आखिर कहां से आया? जाति और वर्ग व्यवस्थाएं शायद मौजूद थीं, लेकिन इनका उद्देश्य भेदभाव करना नहीं था। जब इस तरह की व्यवस्था में भेदभाव प्रवेश कर जाता है, तो यह धर्म और समाज दोनों को नुकसान पहुंचाता है।'' उन्होंने कहा कि धर्म केवल शास्त्रों, भाषणों या कल्पना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यवहार और आचरण में भी विद्यमान होता है। भागवत ने कहा, 'जब हम सनातन धर्म का पालन करते हैं, तो धर्म की रक्षा स्वतः ही हो जाती है। धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए लोगों में एकता आवश्यक है। यदि आप धर्म और संस्कृति की रक्षा करना चाहते हैं, तो उनका पालन करने वालों की रक्षा करें।' उन्होंने कहा कि एकता से ही सुरक्षा मिलती है और ताकत भी इसी से उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि लोगों को एकजुट करने के लिए मन में अप-नेपन और पूर्णता की भावना होनी चाहिए और ऐसा दृष्टिकोण ही वर्तमान समय में सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान है। भागवत ने कहा, 'भारत को अंततः दुनिया की समस्याओं के समाधान में मार्गदर्शन करना होगा। एक दिन भारत को ही पूरी दुनिया को राह दिखाने का दायित्व सौंपा जायेगा। हम इससे बच नहीं सकते; हमें यह काम आज नहीं तो कल करना ही होगा। दुनिया के पास अपनी समस्याओं के समाधान नहीं हैं। इस जिम्मेदारी के लिए हमें तैयार रहना होगा।'

## भारत-म्यांमा सीमा पर 31 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**आइजोल:** मिजोरम में चलाए गए मादक पदार्थ विरोधी समन्वित अभियान के तहत स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने भारत-म्यांमा अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चार लोगों को गिरफ्तार कर 31 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए चार लोगों में से एक म्यांमा का नागरिक है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में इस सीमा पर तीन अलग-अलग स्थानों से लगभग 36 किलोग्राम मेथामफेटामीन और 905 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। उन्होंने बताया कि कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एक म्यांमा का नागरिक भी शामिल है।

## आंध्र प्रदेश में पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में मृतक संख्या बढ़कर 28 हुई

**वेटलापलेम (आंध्र प्रदेश):** काकीनाडा जिले में पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 28 हो गई है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। समरलाकोटा मंडल के वेटलापलेम गांव में 28 फरवरी को एक लाइसेंस प्राप्त पटाखा निर्माण इकाई में हुए शक्तिशाली विस्फोट में नौ महिलाओं सहित 20 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि नौ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए थे। काकीनाडा जिले के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जे नरसिम्हा नायक ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''आज दो और लोगों की मौत हो गई, जिससे मृतकों की संख्या 28 हो गई है।'

## सोनू सूद ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच दुबई में फंसे लोगों को मुफ्त आश्रय की पेशकश की

**नयी दिल्ली:** अभिनेता सोनू सूद ने अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में उड़ानें बाधित होने से दुबई में फंसे यात्रियों के लिए मुफ्त आश्रय की घोषणा की। सोनू सूद ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीयता से परे बेघर हुए लोगों को आश्रय देने की पेशकश की। उन्होंने कहा, युद्ध के कारण कई यात्री दुबई में फंस गए हैं। अगर आप या आपका कोई परिचित बेघर है, तो हम मुफ्त में सुरक्षित आश्रय प्रदान कर रहे हैं। देश कोई भी हो, किसी प्रकार की कोई शर्त नहीं। सिर्फ और सिर्फ मानवता के लिए। अगर आपको मदद की जरूरत है तो हमें इंस्टाग्राम पर संदेश भेजें।

## खामेनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर में प्रदर्शनों के बाद आवागमन एवं सभाओं पर प्रतिबंध बरकरार

**श्रीनगर:** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के विरोध में कश्मीर में हुए व्यापक प्रदर्शनों के मद्देनजर लोगों की आवाजाही पर एहतियातन आंशिक प्रतिबंध बरकरार रहने के कारण कश्मीर में बृहस्पतिवार को लगातार पांचवें दिन भी जनजीवन प्रभावित रहा। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमलों में खामेनेई के मारे जाने के विरोध में पूरे कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हुए जिसके कारण सोमवार को ये प्रतिबंध लगाए गए। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने नागरिक समाज के प्रतिनिधियों और धार्मिक नेताओं के साथ बुधवार को बैठक की ताकि स्थिति को पुनः सामान्य किया जा सके।

## लोस अध्यक्ष को हटाने का नोटिस: बिरला सदन में उपस्थित रहेंगे, लेकिन कार्यवाही का संचालन नहीं करेंगे

**नयी दिल्ली:** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिये गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिये जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत नौ मार्च को होगी। लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर 'खुलकर भेदभाव' करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पी डी टी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था।

## असम विधानसभा चुनाव से पहले तीन कांग्रेस विधायक सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल



**गुवाहाटी:** असम में कांग्रेस के तीन विधायक-कमलाख्या डे पुरकायस्थ, शशिकांत दास और बसंत दास- दो अन्य नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में बृहस्पतिवार को शामिल हो गए। राज्य की भाजपा इकाई के अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने केंद्रीय मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा की मौजूदगी में इन सभी नेताओं को यहां एक कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल हुए दो अन्य नेताओं में कांग्रेस के पूर्व संयुक्त सचिव पार्शा बॉब कालिता और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव कंगकन नाथ शामिल हैं। कांग्रेस की असम इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा के भाजपा में शामिल होने के कुछ ही दिन बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव अप्रैल में होने की संभावना है। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि ये विधायक पिछले दो वर्ष से विधानसभा में उनकी सरकार का समर्थन कर रहे थे और 'आज वे पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल हो गए। मैं भाजपा में उनका स्वागत करता हूं।'

## पवार, आठवले, तावडे का राज्यसभा के लिए चुना जाना लगभग तय



**नयी दिल्ली:** मुंबई: केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता विनोद तावडे सहित महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति के छह उम्मीदवार और विपक्षी महा विकास आघाडी उम्मीदवार शरद पवार का राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित होना लगभग तय है। महाराष्ट्र की सात सीट के लिए 16 मार्च को होने वाले चुनाव के वास्ते नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन, बृहस्पतिवार को मुंबई के विधान भवन में केवल सात उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। शरद पवार (85) अस्वस्थता के कारण विधान भवन में मौजूद नहीं थे। उनकी बेटी एवं लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने उनकी ओर से नामांकन पत्र दाखिल किया। आठवले और तावडे के अलावा, भाजपा ने रामराव वडकुते और माया इवनाते को भी मैदान में उतारा है। कभी अविभाजित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शरद पवार के करीबी माने जाने वाले वडकुते मराठवाड़ा क्षेत्र के हटकर समुदाय से आते हैं। वह शरद पवार के समर्थन से राज्य विधान परिषद के लिए चुने गए थे, इसके बाद उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। माया इवनाते नागपुर की पूर्व महापौर हैं और आदिवासी पृष्ठभूमि से आती हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने लोकसभा के पूर्व सदस्य राहुल शेवाले को उम्मीदवार बनाए जाने की अटकलों के बीच पार्टी की प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को मैदान में उतारा है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया।

## असम: सोनोवाल ने भारत के पहले नदी प्रकाशस्तंभों की नींव रखी



**गुवाहाटी:** केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे चार प्रकाशस्तंभों की आधारशिला रखी।यह देश में अंतर्देशीय जलमार्ग पर इस प्रकार की पहली अवसंरचना है। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्री ने नदी के दक्षिणी तट पर डिब्रूगढ़ जिले के बोगीबील, कामरूप महानगरपालिका के पांडू और नागांव जिले के सिलघाट तथा उत्तरी तट पर बिश्वनाथ घाट पर जलस्तंभों की नींव रखी। सोनोवाल ने यहां एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि ये चार जलस्तंभ ब्रह्मपुत्र नदी के रणनीतिक बिंदुओं पर स्थित हैं। ब्रह्मपुत्र राष्ट्रीय जलमार्ग-दो है और भारत के सबसे महत्वपूर्ण अंतर्देशीय माल एवं यात्री गलियारों में से एक है। एक बयान के मुताबिक, चार प्रकाशस्तंभ वाली इस परियोजना की कुल लागत 84 करोड़ रुपये होगी। प्रत्येक प्रकाशस्तंभ 20 मीटर ऊंचा होगा, जिसकी भौगोलिक सीमा 14 समुद्री मील और प्रकाशीय सीमा 8-10 समुद्री मील होगी। यह पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होगा। मंत्री ने कहा कि नौवहन अवसंरचना के साथ-साथ, प्रत्येक स्थल पर एक संग्रहालय, एम्फीथिएटर, कैफेटेरिया, बच्चों के खेलने की जगह, सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थान होंगे, जो प्रत्येक प्रकाशस्तंभ को एक पर्यटन स्थल के साथ-साथ एक उपयोगी समुद्री संपत्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

## भाजपा ने 2024-25 में 6769 करोड़ रुपये की आय घोषित की: एडीआर

**नयी दिल्ली:** सत्तारूढ़ भाजपा ने वित्त वर्ष 2024-25 में सबसे अधिक 6769.14 करोड़ रुपये की आय घोषित की जबकि कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही जिसने लगभग 918.28 करोड़ रुपये की आय घोषित की। 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दलों द्वारा की गई घोषणाओं का विश्लेषण करने वाली रिपोर्ट के अनुसार, छह राष्ट्रीय दलों (भाजपा, कांग्रेस, माकपा, आम आदमी पार्टी, बसपा और एनपीपी) ने 2024-25 में कुल 7960.09 करोड़ रुपये की आय घोषित की और इसमें भाजपा की हिस्सेदारी 85.03 प्रतिशत थी। भाजपा ने अपनी आय का करीब 55.76 फीसदी यानी 3774.58 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि कांग्रेस ने करीब 1111.94 करोड़ रुपये खर्च किए, जो उसकी कुल आय से 21.09 फीसदी (193.66 करोड़ रुपये) ज्यादा है। माकपा ने वर्ष 2024-25 के दौरान 172.60 करोड़ रुपये की कुल आय दर्ज की, जबकि उसका कुल व्यय 173.86 करोड़ रुपये था, जो उसकी आय से 1.26 करोड़ रुपये (0.73 प्रतिशत) कम था। बसपा की कुल आय 58.58 करोड़ रुपये थी, जबकि साल का खर्च 106.30 करोड़ रुपये था। उस वर्ष पार्टी का खर्च उसकी कुल आय से 47.71 करोड़ रुपये (81.45 प्रतिशत) अधिक हो गया।

आप ने कुल आय 39.28 करोड़ रुपये और कुल खर्च 36.46 करोड़ रुपये बताया, यानी पार्टी ने अपनी कुल आय का 92.83 प्रतिशत खर्च किया। नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) ने कुल आय 2.18 करोड़ रुपये और कुल व्यय 1.19 करोड़ रुपये घोषित किया, जो दर्शाता है कि पार्टी ने अपनी कुल आय का 54.72 प्रतिशत खर्च किया।

# जनगणना-2027 को सशक्त बनाने के लिये शाह ने चार डिजिटल मंचों, दो शुभंकरों का अनावरण किया



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को चार डिजिटल मंच का 'सॉफ्ट लॉन्च' किया, जो देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना के संचालन में सहायक होंगे। जनगणना का पहला चरण एक अप्रैल से शुरू होगा। सॉफ्ट लॉन्च से आशय किसी वेब एप्लिकेशन या सेवा का उपयोग बड़े पैमाने पर शुरू करने से पहले सीमित दायरे में प्रायोगिक तौर पर जारी करना। शाह ने उपग्रह तस्वीरों का इस्तेमाल कर डिजिटल रूप से मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाने के लिये हाउस लिस्टिंग ब्लॉक क्रिएटर (एचएलबीसी) वेब एप्लिकेशन लॉन्च किया, जिससे देशभर में भौगोलिक कवरेज का मानकीकरण सुनिश्चित होता है। इसके अलावा उन्होंने एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन का भी सॉफ्ट लॉन्च किया। एचएलओ मोबाइल एप्लिकेशन एक सुरक्षित ऑफलाइन मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसके माध्यम से प्रगणक मकान -सूचीकरण डेटा एकत्र एवं अपलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही स्व-गणना (एसई) पोर्टल की भी शुरुआत के साथ पहली बार स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया जा रहा है। यह एक सुरक्षित वेब-आधारित सुविधा है, जिसके माध्यम से पात्र उत्तरदाता घर-घर सर्वेक्षण से पूर्व अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। जनगणना प्रबंधन एवं निगरानी प्रणाली (सीएमएमएस) पोर्टल के तौर पर एक केंद्रीकृत वेब-आधारित डिजिटल मंच शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से जनगणना से संबंधित गतिविधियों की योजना, प्रबंधन, क्रियान्वयन और निगरानी की जाएगी। शाह ने जनगणना-2027 के शुभंकरों - 'प्रगति' (महिला) और 'विकास' (पुरुष) का भी औपचारिक रूप से अनावरण किया। एक सरकारी बयान में कहा गया, यह शुभंकर 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में महिलाओं और पुरुषों की बराबर की भागीदारी के भी प्रतीक हैं। इन शुभंकरों के माध्यम से जनगणना 2027 से संबंधित जानकारी, उद्देश्य एवं प्रमुख संदेश समाज के विभिन्न वर्गों तक प्रभावी और जन-सुलभ रूप में पहुंचाए जाएंगे। देशभर में गणना कार्यों को सुगम बनाने के लिए सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) ने उन्नत डिजिटल मंच विकसित किए हैं। देश की 16वीं जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे इस विशाल अभियान में कई मायनों में पहली बार जातिगत गणना भी शामिल होगी, जो पूरी तरह से डिजिटल प्रक्रिया होगी और नागरिकों को स्वयं गणना करने का विकल्प प्रदान करेगी। मूल रूप से 2021 में होने वाली यह दशकीय कवायद कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दी गयी थी। जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी। प्रथम चरण में गृह-सूचीकरण एवं आवास जनगणना (एचएलओ) और दूसरे चरण में जनसंख्या गणना। प्रथम चरण अप्रैल से सितंबर 2026 तक जारी रहेगा जबकि जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में पूरे देश में की जाएगी। प्रथम चरण के दौरान आवास की स्थिति एवं घरेलू सुविधाओं से संबंधित जानकारी एकत्र की जाएगी, जबकि द्वितीय चरण में देश के प्रत्येक व्यक्ति से संबंधित जनसांख्यिकीय, सामाजिक एवं आर्थिक विवरण दर्ज किए जाएंगे। एचएलबीसी वेब-मैप एप्लिकेशन चार्ज अधिकारियों को उपग्रह चित्रों की सहायता से तकनीकी रूप से मकान सूचीकरण ब्लॉक बनाने में सक्षम बनाता है, जिससे देशभर में भौगोलिक कवरेज का मानकीकरण सुनिश्चित होता है। वहीं एचएलओ एक सुरक्षित ऑफलाइन मोबाइल एप्लिकेशन है, जिसके माध्यम से प्रगणक मकान -सूचीकरण डेटा एकत्र एवं अपलोड कर सकते हैं। यह एप्लिकेशन सीधे क्षेत्र से सर्वर तक डेटा प्रेषण की सुविधा प्रदान करता है, जिससे पारंपरिक कागजी कार्य समाप्त हो जाता है। इसमें कहा गया, केवल सीएमएमएस पोर्टल पर पंजीकृत प्रगणक ही इसका उपयोग कर सकते हैं। यह एंड्रॉयड एवं आईओएस मंच पर उपलब्ध है तथा 16 भाषाओं में संचालित किया जा सकता है। तीसरा डिजिटल मंच स्व गणना (एसई) पोर्टल के जरिये पहली बार स्व-गणना का विकल्प प्रदान किया जा रहा है।


## ट्रेनों का प्रायोगिक ठहराव

निम्नलिखित ट्रेनें प्रायोगिक आधार पर संबंधित स्टेशनों पर निम्नानुसार रुकेंगी:-

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | समयसूची आ. | समयसूची प्र. | जिस तिथि से ठहराव प्रभावी |
|---|---|---|---|---|
| 22504 डिब्रूगढ़-कन्याकुमारी विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | अभयपुरी | 09.30 | 09.32 | 07.03.2026 |
| 22503 कन्याकुमारी-डिब्रूगढ़ विवेक सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | अभयपुरी | 04.44 | 04.46 | 09.03.2026 |
| 15960 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | चाबुवा | 20.31 | 20.33 | 06.03.2026 |
| | कामपुर | 06.15 | 06.17 | 07.03.2026 |
| | सुरुपेटा | 10.35 | 10.37 | 07.03.2026 |
| | बिजनी | 11.10 | 11.12 | 07.03.2026 |
| 15959 हावड़ा-डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | चाबुवा | 03.06 | 03.08 | 09.03.2026 |
| | कामपुर | 17.00 | 17.02 | 08.03.2026 |
| | सुरुपेटा | 11.54 | 11.56 | 08.03.2026 |
| | बिजनी | 11.16 | 11.18 | 08.03.2026 |
| 15962 डिब्रूगढ़-हावड़ा कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | न्यू मिसामारी | 07.24 | 07.26 | 06.03.2026 |
| 15961 हावड़ा-डिब्रूगढ़ कामरूप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | न्यू मिसामारी | 15.02 | 15.04 | 07.03.2026 |
| 15630 सिलघाट टाउन-तांबरम नगांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | बिजनी | 17.10 | 17.12 | 06.03.2026 |
| 15629 तांबरम-सिलघाट टाउन नगांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.03.2026) | बिजनी | 17.58 | 18.00 | 11.03.2026 |
| 12504 अगरतला-एसएमवीटी बेंगलुरु हमसफर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | पाथारकंडी | 08.38 | 08.40 | 07.03.2026 |
| | चंद्रनाथपुर | 10.27 | 10.29 | 07.03.2026 |
| 12503 एसएमवीटी बेंगलुरु-अगरतला हमसफर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | पाथारकंडी | 22.22 | 22.24 | 08.03.2026 |
| | चंद्रनाथपुर | 19.55 | 19.57 | 08.03.2026 |
| 13125 कोलकाता-सायरंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | चापर | 01.24 | 01.26 | 08.03.2026 |
| 13126 सायरंग-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | चापर | 22.50 | 22.52 | 06.03.2026 |
| 22502 न्यू तिनसुकिया-एसएमवीटी बेंगलुरु एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | होजाई | 02.12 | 02.14 | 07.03.2026 |
| 22501 एसएमवीटी बेंगलुरु-न्यू तिनसुकिया एसएफ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.03.2026) | होजाई | 06.26 | 06.28 | 12.03.2026 |
| 12502 अगरतला-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.03.2026) | होजाई | 17.30 | 17.32 | 10.03.2026 |
| 12501 कोलकाता-अगरतला गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 08.03.2026) | होजाई | 17.35 | 17.37 | 09.03.2026 |
| 15626 अगरतला-देवगढ़ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | जागी रोड | 07.08 | 07.10 | 08.03.2026 |
| | सोरभोग | 11.15 | 11.17 | 08.03.2026 |
| 15625 देवगढ़-अगरतला एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.03.2026) | जागी रोड | 17.00 | 17.02 | 10.03.2026 |
| | सोरभोग | 11.45 | 11.47 | 10.03.2026 |
| 12346 गुवाहाटी-हावड़ा सरायघाट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | कोकराझार | 16.00 | 16.02 | 06.03.2026 |
| 12345 हावड़ा-गुवाहाटी सरायघाट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | कोकराझार | 04.38 | 04.40 | 07.03.2026 |
| 22512 कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | कोकराझार | 21.10 | 21.12 | 07.03.2026 |
| 22511 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कामाख्या कर्मभूमि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 10.03.2026) | कोकराझार | 10.30 | 10.32 | 12.03.2026 |
| 13175 सियालदह-सिलचर कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | माहुर | 09.02 | 09.04 | 08.03.2026 |
| 13176 सिलचर-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | माहुर | 15.32 | 15.34 | 06.03.2026 |
| 13173 सियालदह-सबरूम कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 06.03.2026) | पाथारकंडी | 13.25 | 13.27 | 07.03.2026 |
| | माईबांग | 08.08 | 08.10 | 07.03.2026 |
| 13174 सबरूम-सियालदह कंचनजंघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | पाथारकंडी | 11.35 | 11.37 | 07.03.2026 |
| | माईबांग | 16.20 | 16.22 | 07.03.2026 |
| 20501 अगरतला-आनंदविहार टर्मिनल तेजस राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 09.03.2026) | माईबांग | 22.55 | 22.57 | 09.03.2026 |
| 20502 आनंदविहार टर्मिनल-अगरतला तेजस राजधानी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 11.03.2026) | माईबांग | 07.40 | 07.42 | 13.03.2026 |
| 15926 डिब्रूगढ़-देवघर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 11.03.2026) | न्यू मिसामारी | 07.23 | 07.25 | 11.03.2026 |
| | माजबाट | 07.40 | 07.42 | 11.03.2026 |
| 15925 देवघर-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 12.03.2026) | न्यू मिसामारी | 15.10 | 15.12 | 13.03.2026 |
| | माजबाट | 14.23 | 14.25 | 13.03.2026 |
| 15658 कामाख्या-दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | तिहु | 17.53 | 17.55 | 07.03.2026 |
| | पाठशाला | 18.03 | 18.05 | 07.03.2026 |
| 15657 दिल्ली-कामाख्या ब्रह्मपुत्र मेल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 07.03.2026) | तिहु | 10.08 | 10.10 | 09.03.2026 |
| | पाठशाला | 09.56 | 09.58 | 09.03.2026 |

इन ट्रेनों की समयसूची अन्य सभी स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें यहां देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सैमसन के अर्धशतक से भारत फाइनल में

## बेथेल के शतक के बावजूद इंग्लैंड सात रन से हारा



**मुंबई :** संजू सैमसन की तूफानी अर्धशतकीय पारी और गेंदबाजों के अहम मौकों पर किए गए शानदार प्रदर्शन की बदौलत गत चैंपियन भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को यहां इंग्लैंड को सात रन से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। जैकब बेथेल के आक्रामक शतक के बावजूद इंग्लैंड लक्ष्य से दूर रह गया।भारत के 254 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। बेथेल ने 48 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों की मदद से 105 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने विल जैक्स (35) के साथ पांचवें विकेट के लिए 77 और सैम कुरेन (18) के साथ छठे विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके।भारत की ओर से हार्दिक पंड्या ने 38 रन देकर दो विकेट लिए, जबकि जसप्रीत बुमराह ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट चटकाया। बुमराह का किफायती स्पैल मैच का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। वरुण चक्रवर्ती ने एक विकेट लिया, हालांकि वह महंगे साबित हुए। इस जीत के साथ भारत अब रविवार को होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और टी20 विश्व कप का खिताब बचाने वाली पहली टीम बनने का प्रयास करेगा।इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने सात विकेट पर 253 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है। भारत की पारी के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों की मदद से 89 रन की धमाकेदार पारी खेली। उन्हें 15 रन के स्कोर पर जीवनदान भी मिला, जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। सैमसन ने इशान किशन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। इसके बाद शिवम दुबे ने 25 गेंद में 43 रन की तेज पारी खेलकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।अंतिम ओवरों में हार्दिक पंड्या ने 12 गेंद में 27 रन और तिलक वर्मा ने सात गेंद में 21 रन बनाकर स्कोर को 250 के पार पहुंचाया। भारत की पारी में कुल 19 छक्के लगे, जो टीम का टी20 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत आक्रामक रही, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से दबाव बढ़ता गया। अंतिम पांच ओवर में इंग्लैंड को 69 रन की जरूरत थी। बेथेल ने तेजी से रन बनाए और 45 गेंद में अपना शतक पूरा किया, लेकिन अंतिम ओवर में उनके रन आउट होते ही इंग्लैंड की उम्मीदें खत्म हो गईं।भारत के संयमित गेंदबाजी और सटीक क्षेत्ररक्षण ने अंततः टीम को सात रन से रोमांचक जीत दिलाकर फाइनल में पहुंचा दिया।

### सैमसन का कैच छूटना बड़ी गलती की: ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां भारत के खिलाफ सात रन की हार के बाद स्वीकार किया कि उन्होंने मेजबान टीम की पारी के दौरान संजू सैमसन का कैच छूटना बड़ी गलती की जिन्होंने बाद में अर्धशतक जड़ा और मेच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। सैमसन ने इससे पहले 15 रन के स्कोर पर मिले जी-वनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेली जिससे भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर है। ब्रूक ने मैच के बाद कहा, ''हमें लगा था कि पहली पारी में गेंद अधिक रुककर आएगी और स्पिन होगी लेकिन गेंद अच्छी तरह से बल्ले पर आई और भारत ने अच्छी बल्लेबाजी की।''

### बुमराह को 'प्लेयर ऑफ द मैच' होना चाहिये था: सैमसन



संजू सैमसन ने बृहस्पतिवार को यहां कहा कि इस जीत का सबसे ज्यादा श्रेय जसप्रीत बुमराह को मिलना चाहये। बड़े स्कोर वाले इस मैच मे बुमराह ने चार ओवर में 33 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने मैच के 18वें ओवर में सिर्फ छह रन देकर इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बना दिया। अपनी पारी में आठ चौके और सात छक्के लगाने वाले सैमसन ने कहा, ''हम आज टीम के प्रदर्शन से बेहद खुश हैं और इसका पूरा श्रेय जसप्रीत बुमराह को जाता है। मुझे लगता है कि वह विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं, पीढ़ी में एक बार मिलने वाले गेंदबाज और आज उन्होंने वही दिखाया। दरअसल यह (प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार) उन्हीं को जानी चाहिए।'' सैमसन ने पुरस्कार समारोह में कहा, ''अगर हमने आखिरी ओवरों में उस तरह की गेंदबाजी नहीं की होती, तो शायद मैं यहां खड़ा नहीं होता। इसलिए पूरा श्रेय गेंदबाजों को जाता है, जिन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में खुद पर भरोसा दिखाया और शानदार प्रदर्शन किया।''



### शादी के बंधन में बंधे अर्जुन तेंदुलकर- सानिया चंडोक

## लक्ष्य ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में



**बर्मिंघम :** भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया। इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी हांगकांग के तांग चुन मान और त्से यिंग सुएट के खिलाफ अपने मैच में 19-21 8-9 से पिछड़ने के बाद चोटिल होकर मैच से हट गई। लक्ष्य ने कहा, '' शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है। मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया।

## वेस्टइंडीज टीम के घर लौटने के लिए चार्टर्ड उड़ान का इंतजाम: सीडब्ल्यूआई



**कोलकाता :** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने बहस्पतिवार को पुष्टि की कि कैरेबियाई टीम को स्वदेश लौटाने के लिए एक चार्टर उड़ान की व्यवस्था कर दी गई है। अमेरिका और इजरायल के ईरान के खिलाफ हमलों के कारण अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से टीम चार दिनों से अधिक से यहां फंसी हुई है। वेस्टइंडीज टीम को सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में भारत से हार के बाद आईसीसी टी20 पुरुष विश्व कप से बाहर होना पड़ा था। भारत ने ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मैच को पांच विकेट से जीता था। क्रकेट वेस्टइंडीज ने कहा, '' आज हुई एक उच्चस्तरीय कॉल में, जिसमें सीडब्ल्यूआई और आईसीसी के अधिकारी, टीम प्रबंधन के प्रतिनिधि और खिलाड़ियों के प्रतिनिधि शामिल थे। इसमें यह पुष्टि की गई कि टीम की भारत से वापसी के लिए एक चार्टर फ्लाइट की व्यवस्था की जा रही है।

## भारत की पहली साइकिलिंग लीग की मेजबानी करेगा अहमदाबाद

**नयी दिल्ली :** भारतीय साइकिलिंग के लिए पहली बार इस साल नवंबर में एक फ्रेचाइजी आधारित लीग की योजना बनाई जा रही है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने इस पहल को देश में अब भी अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रहे इस खेल के लिए एक संभावित 'निर्णायक पल' बताया है। आठ टीम वाली भारतीय साइकिलिंग लीग नवंबर के दूसरे हफ्ते में अहमदाबाद में होगी जो 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी मिलने के बाद 2036 ओलंपिक की मेजबानी के अधिकार हासिल करने की कोशिश कर रहा है। मांडविया ने कहा, ''यह आयोजन भारतीय खेलों में एक अहम पल है। दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी आधारित रोड साइकिलिंग लीग शुरू करके हम सिर्फ रेस का आयोजन नहीं कर रहे हैं बल्कि एक पेशेवर पारिस्थितिकी तंत्र बना रहे हैं जो प्रतिभा को बढ़ावा देगा, दुनिया का ध्यान खीं-चेगा और एक फिट और अतुल्य भारत के हमारे विजन के अनुसार होगा।'' उन्होंने कहा, ''चाहे वह पुणे ग्रैंड टूर हो, अहमदाबाद में यह लीग हो, या हर हफ्ते देश में अलग-अलग जगहों पर होने वाली संडे ऑन साइकिल। आने वाले दिनों में यह सब भारत में साइकिलिंग को एक खेल के तौर पर स्थापित करेगा।''

## जम्मू-कश्मीर की रणजी ट्रॉफी जीत इस इलाके में लगातार निवेश का असर दिखाती है: जय शाह



**नयी दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि रणजी ट्रॉफी में जम्मू-कश्मीर की हालिया जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट ढांचे का विकास करने में 'लगातार निवेश' के असर को दिखाती है। जम्मू-कश्मीर ने पिछले हफ्ते हुबली में आठ बार के चैंपियन कर्नाटक को ड्रॉ पर रोककर पहली पारी की बढ़त के आधार पर अपना पहला रणजी ट्रॉफी खिताब जीता। टीम ने कर्नाटक पर पहली पारी में 291 रन की बढ़त हासिल की थी। जम्मू-कश्मीर की विजेता टीम के सदस्यों से मिलने के बाद शाह ने कहा, ''भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक शानदार अध्याय लिखने के लिए पूरी जम्मू-कश्मीर टीम और क्रिकेट जगत को बधाई। उनकी तरक्की इस इलाके में जमीनी स्तर के क्रिकेट और बुनियादी ढांचे में लगातार निवेश के सकारात्मक असर को दिखाती है।''

# विदेश की खबरें

## फारस की खाड़ी में ईरान के भीषण हमलों का मकसद क्षेत्र में अफरातफरी मचाना



**दुबई :** कई वर्षों से, ईरान की सरकार चेतावनी देती रही है कि यदि उसे अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हुआ तो वह पश्चिम एशिया को मिसाइलों और ड्रोन हमलों से दहला देगी। इस्लामी गणराज्य अब ठीक यही करता नजर आ रहा है। अमेरिका व इजराइल द्वारा शनिवार को युद्ध शुरू करने और ईरानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के बाद से, ईरान ने इजराइल, क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों और दूतावासों, तथा फारस की खाड़ी में ऊर्जा सुविधाओं को निशाना बनाते हुए हजारों ड्रोन व बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। इसी बीच, ईरान ने तुर्किये पर मिसाइलें दागी हैं और ड्रोन ने अजरबैजान के क्षेत्र को निशाना बनाया है। ईरान की मूल रणनीति युद्ध के विस्तार के खतरों के बारे में भय पैदा करना है, ताकि अमेरिका के सहयोगी देश उस पर इतना दबाव डालें कि वह ईरान में अभियान रोक दे। एक लंबा संघर्ष, साथ ही अमेरिकी और इजराइली सैनिकों की जानमाल की हानि भी ईरान के पक्ष में काम कर सकती है।

समस्या यह है कि पड़ोसियों पर हमला करने की रणनीति भी उलटी पड़ सकती है। क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने और खौफ पैदा करने का प्रयास यूरोपियन काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका कार्यक्रम की उप निदेशक एली गेरानमायेह ने कहा, ईरान इस अमेरिकी सैन्य अभियान की लागत बढ़ा रहा है और इसे शुरू से ही क्षेत्रीय रंग दे रहा है, जैसा कि उसने वादा किया था कि अगर अमेरिका ईरान के साथ फिर से युद्ध शुरू करता है तो वह ऐसा करेगा। ईरान के नेताओं का मानना है कि जानमाल का नुकसान पहुंचाकर और ऊर्जा उत्पादन को बाधित करके तेल और गैस की कीमतों को बढ़ाकर, अमेरिका के सहयोगी या देश में असंतुष्ट जनता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर दबाव डालेगी कि वे अपनी नीतियों में ढील दें।

## अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण हुआ



**न्यूयॉर्क/सिएटल :** अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं। मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ मिलकर इस आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को उपहार स्वरूप प्रदान करने के लिए वाणिज्य दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

# व्यापार



## शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा, निफ्टी 24,700 के पार



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 900 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 285 अंक की तेजी रही। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच हाल की गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में तेजी के अनुरूप घरेलू बाजार बढ़त में रहे। तीस शेयरों पर आधारित सेंसक्स में चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर विराम लगा और यह 899.71 अंक यानी 1.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,187.64 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 285.40 अंक यानी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर बंद हुआ। इसके साथ बाजार में लगातार तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरग्लोब एविएशन प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### पश्चिम एशिया संकट से भारतीय दवा कंपनियों को 5,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान संभव

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में सैन्य संघर्ष और वैश्विक ढुलाई लागत में बढ़ोतरी होने से भारतीय दवा उद्योग को मार्च महीने के निर्यात में व्यवधान से 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये तक का नुकसान हो सकता है। भारतीय औषधि निर्यात प्रोत्साहन परिषद (फार्मेक्सिल) के चेयरमैन नमित जोशी ने कहा कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के सदस्य देशों का हिस्सा भारतीय दवा कंपनियों के कुल निर्यात में 5.58 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि औषधि निर्यात का मूल्य पश्चिम एशिया और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में वित्त वर्ष 2020-21 के 132.04 करोड़ डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 174.96 करोड़ डॉलर हो गया। जोशी के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, ओमान, कुवैत और यमन जैसे प्रमुख बाजार भारत पर सस्ती और जेनेरिक दवाओं के लिए काफी निर्भर हैं। जॉर्डन, कुवैत और लीबिया जैसे उभरते बाजारों में भी निर्यात बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वैश्विक माल ढुलाई बाजार में जारी चुनौतियों से भारतीय दवाओं का खाड़ी और उत्तरी अफ्रीकी देशों में निर्यात प्रभावित हो सकता है। फार्मेक्सिल प्रमुख ने कहा कि आयात और निर्यात दोनों के लिए मालढुलाई की दरें दोगुनी हो गई हैं तथा प्रति खेप 4,000 से 8,000 डॉलर तक अतिरिक्त शुल्क लगने से कंपनियों पर भारी दबाव है।

### रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया। विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया। हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा।

### एलएनजी आपूर्ति बाधित होने के बाद अदाणी-टोटल गैस ने औद्योगिक गैस की कीमतें तीन गुना कीं

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह और फ्रांस की 'टोटलएनर्जीज' के संयुक्त उद्यम अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए गैस कीमतें तीन गुना कर दी हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली आपूर्ति रुकने के बाद कंपनी ने यह कड़ा कदम उठाया है। सूत्रों के मुताबिक, कंपनी ने औद्योगिक गैस की कीमत 40 रुपये प्रति मानक घन मीटर से बढ़ाकर करीब 119 रुपये प्रति मानक घन मीटर कर दी है। अनुबंधित एलएनजी की आपूर्ति कम होने के कारण कंपनी को महंगे वैकल्पिक स्रोतों से गैस लेनी पड़ रही है। हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य एक संकीर्ण समुद्री मार्ग है, जिससे दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में एलएनजी गुजरती है। अमेरिका और इज़राइल के हमलों तथा ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद इस मार्ग से जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई है।

### पश्चिम एशिया से 30 प्रतिशत गैस आपूर्ति बाधित होने से कुछ ग्राहकों को कटौती: गेल

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आयात होने वाली तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति प्रभावित होने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड ने कुछ ग्राहकों को गैस आपूर्ति घटाने की योजना बनाई है। गेल इंडिया ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके एलएनजी आपूर्तिकर्ता ने 'अपरिहार्य स्थिति' नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के जरिये अनुबंध में असाधारण एवं नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण दायित्व पूरा न कर पाने की आधिकारिक सूचना दी गई है। ऐसा संभवतः कतर में मौजूद एलएनजी संयंत्रों के कथित तौर पर बंद हो जाने के कारण हुआ है। गेल इंडिया ने कहा, ''यह नोटिस समुद्री मार्ग पर लगे प्रतिबंधों और जहाजों की आवाजाही में बाधाओं के कारण दिया गया है।... इस वजह से कंपनी को कतर से मिलने वाली एलएनजी की मात्रा चार मार्च, 2026 से शून्य कर दी गई है।''

## महिला दिवस पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने लॉन्च किया 'शेप ऑफ यू' एआई एप्लीकेशन




**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन और निदेशक एवं प्रमुख (मार्केटिंग एवं डिजाइन) जोइता सेन 'शेप ऑफ यू' एआई एप्लीकेशन लॉन्च करते हुए।**

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के लिए 'शेप ऑफ यू' एआई एप्लीकेशन लॉन्च किया है। इस तकनीक आधारित फीचर के माध्यम से ग्राहक अपने चेहरे की बनावट और प्राकृतिक विशेषताओं के अनुसार उपयुक्त ज्वेलरी डिजाइन चुन सकेंगी। करीब 85 वर्षों की विरासत वाले सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की यह पहली एक्सपर्ट-लेड स्टाइलिंग पहल है, जो तकनीक और डिजाइन समझ को जोड़ते हुए ज्वेलरी चयन को अधिक व्यक्तिगत और सहज बनाती है। महिला दिवस के अवसर पर कंपनी ने अपने शोरूम में विशेष ऑफर भी घोषित किए हैं। इसके तहत 10 ग्राम सोने के आभूषण पर 3000 रुपये तक की छूट, डायमंड ज्वेलरी पर 15 प्रतिशत तक छूट और 75 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज में छूट दी जा रही है। इसके अलावा सिल्वर आइटम्स पर 15 प्रतिशत तक और लेदर उत्पादों पर 20 प्रतिशत तक छूट उपलब्ध है। कंपनी ने बताया कि 8 मार्च 2026 को अपनी वेबसाइट पर ग्राहकों के लिए एक दिन का विशेष ऑनलाइन ऑफर भी रहेगा, जिसमें सोना, हीरा और प्लेटिनम ज्वेलरी की खरीद पर 100 प्रतिशत तक मेकिंग चार्ज में छूट दी जाएगी। इस पहल पर प्रतिक्रिया देते हुए सेनको गोल्ड एंड डायमंड्स की निदेशक एवं प्रमुख (मार्केटिंग और डिज़ाइन) जोइता सेन ने कहा, 'शेप ऑफ यू' की अवधारणा डिजाइन आधारित तकनीक के माध्यम से व्यक्तिगत पहचान को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार की गई है। यह एक ऐसा नवाचार है जो महिलाओं को अपने चेहरे की बनावट और व्यक्तित्व को बेहतर समझने में मदद करता है, ताकि वे अपने लिए सबसे उपयुक्त आभूषण चुन सकें। यह महिलाओं के लिए सशक्तिकरण और व्यक्तिगत अनुभव का एक उपकरण है।वहीं, एमडी एवं सीईओ सुवंकर सेन ने कहा, अक्सर महिलाएं सहज रूप से समझ जाती हैं कि कौन-सा आभूषण उन पर अच्छा लगेगा, भले ही वे इसका कारण स्पष्ट न कर सकें। 'शेप ऑफ यू' हमारे कई तकनीकी प्रयासों में से एक है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना और ज्वेलरी उद्योग में पहली बार इस तरह की अनूठी सेवा उपलब्ध कराना है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3522 अंक 332 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in